e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 153

गुरुवार

06.06.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

समस्या का समाधान ढूंढे, उसे दूर न भागें।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### सीएम अरविंद केजरीवाल को झटका, अंतरिम जमानत अर्जी खारिज, कोर्ट ने दिए मेडिकल टेस्ट के आदेश

**नई दिल्ली :** दिल्ली शराब नीति और इससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राऊज एवेन्यू कोर्ट से बड़ा झटका लगा है. स्वास्थ्य के आधार पर दाखिल अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है. केजरीवाल ने सेहत का हवाला देते हुए अवश्य जांच के लिए सात दिनों की अंतरिम जमानत की मांग की थी.दरअसल, केजरीवाल की अंतरिम जमानत का विरोध करते हुए जांच एजेंसी ईडी ने कहा था कि केजरीवाल अदालत को गुमराह कर रहे हैं. ईडी ने आरोप लगाया कि लगातार चुनाव प्रचार कर रहे केजरीवाल का स्वास्थ्य तब खराब हुआ जब सरेंडर करने का समय आया. दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था, आज बुधवार को सुनाया गया है.

### हरियाणा में सबसे ज्यादा इंडी गठबंधन को मिले वोट : दीपेंद्र सिंह हुड्डा

**नई दिल्ली :** आईएनडीआईए के घटक दलों की बैठक में हिस्सा लेने दिल्ली पहुंचे रोहतक लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सदस्य दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में सबसे ज्यादा इंडी गठबंधन को वोट मिले। उन्होंने दावा किया कि इसी तरह के जीत के नतीजे विधानसभा चुनाव में होंगे।बुधवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में हरियाणा की रोहतक लोकसभा सीट से कांग्रेस के नवनिर्वाचित सदस्य दीपेंद्र हुड्डा ने कहा, ॠपूरे देश में इंडिया गठबंधन को मिले वोटों में से हरियाणा में सबसे ज्यादा वोट मिले हैं। हमें हरियाणा में 47.6 फीसद वोट मिले हैं।उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में हरियाणा के 46 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस को बढ़त मिली है, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि आने वाले दिनों में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के नतीजे कांग्रेस के पक्ष में होंगे।

### तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई ने स्वीकारा जनादेश, कहा- करेंगे हार की समीक्षा

**नई दिल्ली :** तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई ने कहा कि हम लोगों के जनादेश को स्वीकार करते हैं। राज्य में अपेक्षा के अनुसार नतीजे नहीं आएं, सीटें नहीं मिलीं, लेकिन केन्द्र में हम तीसरी बार सरकार बनाकर खुश हैं।बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में अन्नामलाई ने कहा कि हमें उम्मीद थी कि तमिलनाडु से भी भाजपा का लोकसभा सदस्य संसद में जाए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हम निराश नहीं है और कड़ी मेहनत करेंगे। इस हार का विश्लेषण करेंगे और एक सप्ताह में इस पर चर्चा करेंगे।अन्नामलाई ने इंडी गठबंधन के लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को जीत पर शुभकामनाएं देते हुए अपना सहयोग देने की बात कही। उन्होंने कहा कि वे राज्य में कल्याणकारी योजनाएं लाने में सांसदों का समर्थन करेंगे। इस चुनाव को हम एक सबक के रूप में देखते हैं और हम पहले से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों में हम अपने उम्मीदवारों को जिताएंगे। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु भाजपा के प्रमुख के. अन्नामलाई ने कोयंबटूर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था।

### सिक्किम की युवती के साथ किशनगंज में दो युवकों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

**किशनगंज :** नगर परिषद क्षेत्र में एक लॉज में सिक्किम की रहने वाली युवती के साथ बुधवार की अहले सुबह दो युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।घटना की शिकायत दर्ज करवाने के साथ ही सदर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी अरहान अख्तर बहादुरगंज व अमजद हुसैन अररिया जिले का रहने वाला है। पुलिस ने पीड़िता का फर्द बयान दर्ज किया है।घटना के सम्बंध में बताया जाता है की पीड़िता अपनी एक सहेली के साथ किशनगंज घूमने आयी थी। वापस लौटने के दौरान ट्रेन छूट गई। इसके बाद पीड़िता ने किशनगंज में अपनी बहन के जान पहचान वाले को कॉल किया। पीड़िता की बहन का दोस्त स्टेशन पहुंचा और दोनों युवतियों को एक लॉज में लेकर आया। दोनो आरोपी युवक लॉज में ही एक कमरे में पहले से था।लॉज में खाना खाने के बाद दोनों युवती सोने चली गई। तभी दोनों आरोपी युवक दोनों युवती के साथ जबरदस्ती करने लगा। तभी जिस युवक के कहने पर पीड़िता लॉज पहुंची थी वह युवक घटना का विरोध करने लगा। तभी दोनों युवकों ने उक्त युवक को रस्से से बांध दिया। पीड़िता की सहेली किसी तरह वहां से निकल कर पुलिस को घटना की सूचना दी।

### रांची का तापमान

अधिकतम 38°

न्युनतम 26°

## एनडीए में सरकार गठन की रूपरेखा तैयार, इंडिया गठबंधन में भी हुआ मंथन

# एनडीए के नेता चुने गए नरेंद्र मोदी

**चुनाव नतीजों में एनडीए ने स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया. वहीं इंडिया गठबंधन ने भी 200 से ज्यादा सीटें हासिल कीं. अब नई सरकार के गठन की कवायद तेज हो गई है. दिल्ली में बैठकों का दौर जारी है. इसी सिलसिले में तमाम दल और कई पार्टियों के नेता एक्शन में आ चुके हैं. वहीं दिल्ली में एनडीए की बैठक में नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू सहित कई बड़े नेता शामिल हुए.**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** पीएम मोदी ने नई सरकार के गठन के लिए इस्तीफा दे दिया है. राष्ट्रपति ने भी पीएम मोदी का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है. देश के लोकसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं. चुनाव नतीजों में एनडीए ने स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया. वहीं इंडिया गठबंधन ने भी 200 से ज्यादा सीटें हासिल कीं. अब नई सरकार के गठन की कवायद तेज हो गई है. दिल्ली में बैठकों का दौर जारी है. इसी सिलसिले में तमाम दल और कई पार्टियों के नेता एक्शन में आ चुके हैं. वहीं दिल्ली में एनडीए की बैठक में नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू सहित कई बड़े नेता शामिल हुए. बैठक में बीजेपी नेता अमित शाह भी मौजूद थे.बुधवार को दिल्ली में आयोजित एनडीए की बैठक में आगे की रणनीति पर चर्चा हुई. साथ ही मंत्रिमंडल के गठन पर भी चर्चा की गई.एनडीए की बैठक में चंद्रबाबू नायडू, चंद्रबाबू नायडू, नीतीश कुमार, एकनाथ शिंदे, जीतन राम मांझी, पवन कल्याण, अनुप्रिया पटेल, प्रफुल पटेल, चिराग पासवान, कुमारस्वामी और जयंत चौधरी मौजूद रहे. सभी ने समर्थन पत्र सौंप दिया है.

### 17वीं लोकसभा भंग, पीएम ने राष्ट्रपति को सौंपा इस्तीफा



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में 17वीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गई। मौजूदा 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा था। बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति भवन पहुंचे और उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लोकसभा भंग करने की सिफारिश करते हुए अपना और अन्य मंत्रियों का इस्तीफा सौंपा। जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूर कर लिया। साथ ही राष्ट्रपति ने नरेंद्र मोदी से अगली सरकार के गठन तक बतौर कार्यकारी प्रधानमंत्री जिम्मेदारी संभालने की अपील की।

### हम एनडीए में हैं : नायडू



एनडीए की बैठक के बाद टीडीपी प्रमुख नायडू ने कहा कि बैठक अच्छी रही. हम एनडीए के साथ मिलकर चुनाव लड़े तभी आज मीटिंग में शामिल हुए. नायडू ने कहा कि आप लोगों को क्यों शक है? अगर हम गठबंधन का हिस्सा नहीं होते तो साथ मिलकर चुनाव कैसे लड़ते? हम साथ रहे, 3 पार्टियों ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा.

## इंडिया ब्लॉक में सभी राजनीतिक दलों का स्वागत है : खड़गे



**नई दिल्ली :** विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों के प्रमुख नेताओं की बैठक बुधवार शाम को हुई,जिसमें सरकार गठन की संभावनाओं और आगे की रणनीति पर चर्चा की गई. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आधिकारिक आवास 10, राजाजी मार्ग पर यह बैठक हो रही है.बैठक में खरगे के अलावा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, द्रमुक नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह और राघव चड्ढा, शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत और कई अन्य नेता इस बैठक में शामिल रहे. बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा की मैं सभी साथियों का स्वागत करता हूं. हम एक साथ लड़े, तालमेल से लड़े और पूरी ताकत से लड़े. आप सबको बधाई. 18वीं लोक सभा चुनाव का जनमत सीधे तौर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ है. चुनाव उनके नाम और चेहरे पर लड़ा गया था और जनता ने भाजपा को बहुमत ना देकर उनके नेतृत्व के प्रति साफ़ संदेश दिया है. उन्होंने आगे कहा की व्यक्तिगत रूप से मोदीजी के लिये यह ना सिर्फ राजनैतिक शिकस्त है, बल्कि नैतिक हार भी है. परन्तु हम सब उनकी आदतों से वाकफ़ि हैं। वो इस जनमत को नकारने की हर संभव कोशिश करेंगे. खरगे ने कहा की हम यहां से यह भी संदेश देते हैं कि इंडिया गठबंधन उन सभी राजनीतिक दलों का स्वागत करता है जो भारत के संविधान के प्रस्तावना में अटूट विश्वास रखते है और इसके आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों से प्रतिबद्ध है. चुनाव नतीजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नैतिक हार और राजनीतिक शिकस्त है.

## सिर्फ हथियार बरामदगी के आधार पर दोषी करार नहीं दिया जा सकता : हाई कोर्ट



**रांची:** झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि सिर्फ हत्या में इस्तेमाल हथियार की बरामदगी के आधार पर किसी को दोषी करार नहीं दिया जा सकता, दोष सिद्ध करने के लिए अन्य साक्ष्यों की भी जरुरत है. अपने आदेश में कोर्ट ने कहा कि अगर हत्या का हथियार बरामद भी हो जाये और उस पर खून के धब्बे भी हों, तो भी इससे आरोपी का अपराध साबित नहीं होता. यह अकेली परिस्थिति किसी भी तरह से अपीलकर्ता को दोषी ठहराने का आधार नहीं बन सकती. हथियार बरामदगी को छोड़कर अन्य परिस्थितियों पर भी गौर किया जाना चाहिए और अपीलकर्ता को दोषी ठहराने के लिए कुछ कड़ी होनी चाहिए. दरअसल सिमडेगा सिविल कोर्ट ने संजय कुजूर को पिछले वर्ष हत्या के जुर्म में दोषी करार दिया था. इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी थी. मृतक मुकेश कुजूर की पत्नी द्वारा दर्ज करवायी गयी एफआईआर के मुताबिक, जब वह खेत पर काम करने गयी थी, तभी उसकी भाभी ने बताया कि उसके पति पर उसके भाई ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया है. हमले के बाद उसका पति बेहोशी की हालत में आंगन में पड़ा मिला. वह तुरंत घर पहुंची और घायल पति को अस्पताल ले गयी. शुरुआत में, भारतीय दंड संहिता की धारा 326/307 (हत्या का प्रयास) के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गयी थी. बाद में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) को जोड़ा गया.

## लोकसभा चुनाव 2024 में कम हुए आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले: के. रवि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्य चुनाव आयुक्त के. रवि कुमार ने कहा कि चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। केंद्रीय चुनाव आयोग का निर्देश मिलते ही झारखंड में आदर्श आचार संहिता के निष्प्रभावी होने की घोषणा कर दी जाएगी। वे बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में चुनावी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।रवि कुमार ने बताया कि पिछले दो लोकसभा चुनावों की अपेक्षा इस बार सबसे कम आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज किये गये हैं। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के 318 मामले दर्ज किये गये थे जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में यह संख्या 193 रही थी। इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में यह संख्या महज 101 रही है। उन्होंने कहा कि यह सब जागरुकता अभियानों और मीडिया की सकारात्मक भूमिका के कारण संभव बन पड़ा है। रवि कुमार ने चुनाव निष्पक्ष, भयमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही इसे सफल बनाने में सहभागी बने चुनाव कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारियों, कर्मियों, पुलिसकर्मियों, बाहर से आये सुरक्षाबलों, मतदाताओं, सभी राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों समेत मीडियाकर्मियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।रवि कुमार ने कहा कि मीडिया का निर्वाचन आयोग के हर संदेश को घर-घर तक पहुंचाने में काफी सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि फार्म 20 के तहत विधानसभावार मतदान का आंकड़ा सार्वजनिक किया जा चुका है। साथ ही कहा कि पूरे चुनाव के दौरान राज्य में कही भी हिंसक घटना नहीं हुई। सबसे संतोष की बात यह रही कि इस चुनाव में नक्सली घटना भी शून्य रही।

## अहंकार की राजनीति के खिलाफ है ये जनादेश : पायलट

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे साफ हो चुके हैं. केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने जा रही है. हालांकि, बीजेपी अकेले बहुमत के आंकड़े 272 सीटों से दूर रही है. ह्ध को 292 सीटें मिली हैं. जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया अलायंस को 234 सीटें मिली हैं. इंडिया अलायंस की इस जीत पर सचिन पायलट ने प्रतिक्रिया दी है. पायलट ने कहा कि अहंकार की राजनीति को जनता ने नकार दिया है.सचिन पायलट ने चुनाव के नतीजों पर कहा,ये जनादेश साफ तौर पर सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ है. 400 पार के दावे किए गए थे. सारे दावे धराशाही हो गए. ये क्लीयर मेंडेट है. ये जनता का मैसेज है कि जिस तरह की राजनीति केंद्र ने की, बीजेपी ने अहंकार का जो रवैया अपनाया. अहम को आगे रखा. प्रतिशोध और आक्रमण का रवैया अपनाया. उसका लोगों ने विरोध किया. बीजेपी के इस अहंकार को जनता ने अपने जनादेश से नकार दिया है.

## पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को बढ़ावा देने हेतु सरकार प्रतिबद्ध : बंदना डाडेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग व झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद एवं सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण दिवस की थीम के अनुरूप गत 26 मई को शुरू हुए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भूमि संरक्षण को बढ़ावा देना,सुखाड़ की स्थिति से निबटने और भू-क्षरण को रोकने के मुद्दे पर जन जागरूकता फैलाना एवं सामुदायिक पहल को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन विभाग की प्रधान सचिव सह मुख्य अतिथि श्रीमती वंदना दादेल ने कहा कि राज्य सरकार समावेशी विकास प्राप्त करने, पर्यावरण संरक्षण एवं सततशील प्रयासों को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि झारखंड को पारम्परिक रूप से हरित एवं सुरम्य प्रदेश है, इसलिए हमारे सम्मलित प्रयासों से राज्य को पर्यावरण संरक्षण एवं सततशील विकास का एक उच्च मानदंड कायम रखना चाहिए।पर्यावरण एवं समाज की उन्नति के लिए हमें सततशील जीवनशैली पर




आधारित पारंपरिक ज्ञान और आदिवासी समुदायों की विरासत का अनुकरण करना चाहिए।श्रीमती दादेल ने कहा कि झारखंड देश में जलवायु परिवर्तन के लिहाज से सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में से एक है, जो लगातार सुखाड़ और भू-क्षरण की तीव्र दर की समस्या का सामना कर रहा है।इस लिहाज से इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम झारखंड के लिए विशेष महत्व रखती है।

अभियान के व्यापक संदर्भ एवं उद्देश्य के बारे में प्रधान मुख्य वन संरक्षक और वन बल प्रमुख डॉ. संजय ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस एक प्रेरणादायी दिन है, जो हरेक व्यक्ति के योगदान के महत्व को रेखांकित करता है।झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष शशिकर सामंत ने कहा कि वैज्ञानिक समाधानों और स्थानीय स्तर पर सततशील कदम उठा कर हम जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम कर सकते हैं।।कार्यक्रम के दौरान मुख्य वन संरक्षक-अनुसंधान श्री सिद्धार्थ त्रिपाठी, राजस्थान के प्रसिद्ध पर्यावरणविद् पद्मश्री श्याम सुंदर पालीवाल एवं सीड के सीईओ रमापति कुमार ने भी जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण सरंक्षण पर अपने विचार रखें।

## बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग सबसे ऊपर

एजेंसी

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली पहुंचकर एनडीए की बैठक में शामिल हुए. इस बैठक में नीतीश कुमार किंगमेकर की मुद्रा में दिखे. बैठक से ठीक पहले नीतीश और उनके कुनबे ने साफ मैसेज दे दिया कि सरकार बन रही है लेकिन नीतीश केन्द्र सरकार को समर्थन देने की शर्त पर कई मांगें सामने रख चुके हैं, जिसे बीजेपी के लिए स्वीकार करना मजबूरी बन गई है. इसलिए जेडीयू अब पीएम मोदी को समर्थन पत्र देकर सरकार चलाने की हरी झंडी दे दी है. नीतीश की प्राथमिकताओं में बिहार विधानसभा चुनाव व बिहार के स्पेशल स्टेटस की मांग प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है. जाहिर है बिहार जैसे गरीब राज्य के लिए नीतीश स्पेशल स्टेटस का दर्जा प्राप्त कर आने वाले



विधानसभा चुनाव में वहां की जनता को विशेष उपहार सौंपना चाह रहे हैं. इतना ही नहीं, 94 लाख लोगों को जो गरीबी रेखा से नीचे हैं उन्हें दो लाख रूपये देने के वादे को भी नीतीश पूरा करना चाहते हैं. इसलिए विशेष प्रावधान के तहत स्पेशल स्टेटस की मांग नीतीश कुमार की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है. बिहार को स्पेशल स्टेटस देने के अलावा बिहार में सेंट्रल यूनिवर्सिटीज का मसला हो या देश में जातीय जनगणना, नीतीश विपक्ष के मुद्दे की धार कुंद करने के लिए इन मांगों पर भी जोर दे सकते हैं, ऐसा तय माना जा रहा है. नीतीश को पिछले दो सरकार में कड़वे अनुभव का अहसास है. इसलिए केन्द्र सरकार में दो केन्द्रीय मंत्री और एक राज्य मंत्री का पद नीतीश हर हाल में चाहते हैं. वैसे नीतीश की तरफ से चार मंत्री पद की मांग रखी गई है, ऐसा कहा जा रहा है. लेकिन तीन से कम पर बात बनने की गुंजाइश नहीं दिख रही है. नीतीश कुमार की नजर कृषि, ग्रामीण विकास मंत्रालय और रेल विभाग पर है. इनमें से दो मंत्रालय नीतीश हर हाल में चाह रहे हैं. वहीं एक राज्य मंत्री का पद भी नीतीश हर हाल में अपने हिस्से में चाहते हैं.

## बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा शुरू, कई इलाकों में भाजपा समर्थकों के घरों पर हमला

एजेंसी

**कोलकाता :** लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं। बीती रात सूबे के कई इलाकों में भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके घरों पर हमले हुए हैं। कुछ मामले तो पुलिस में रिपोर्ट भी हुए हैं। उत्तर 24 परगना के बैरकपुर में बीती देर रात तृणमूल कांग्रेस की विजय रैली के दौरान भाजपा कार्यकर्ता के घर पर हमला हुआ। तृणमूल उम्मीदवार पार्थ भौमिक की जीत के बाद बैरकपुर नगरपालिका के वार्ड नंबर 24 के तृणमूल कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाला था। आरोप है कि विजय जुलूस के दौरान भाजपा कार्यकर्ता बाबू नाग के घर में तोड़फोड़ की गई।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

अब ह्रदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है

78083 68888 www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरणविद ने वन वृक्षों पर बांधी राखियां

# जल संकट को दूर करने के लिए किसानों को करना होगा वृक्ष की खेती : कौशल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** छतरपुर अनुमंडल के केरकी कला के वनों में विश्व पर्यावरण दिवस के 52 वां और वन राखी मूवमेंट के 48 वां स्थापना दिवस पर प्रकृति, पर्यावरण और प्राण बचाने के लिए वनों में प्रभात फेरी निकाला गया। जिसमें आसपास के करीब 20 गांव के हजारों पर्यावरण प्रेमी लोग शामिल थे। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल किशोर जायसवाल बतौर मुख्यातिथि ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पक्षियों के भोजन के लिए बरगद का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पर्यावरणविद कौशल ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए कहा कि बेकाबू गर्मी और जल संकट से निजात पाने के लिए किसानों को वृक्ष खेती करने की जरूरत है। क्योंकि वृक्ष खेती को आकाल सुखाड़ का भय नहीं है। वृक्ष की खेती किसानों के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट की तरह काम आता है। इतना ही नहीं इससे जल संकट और ऑक्सीजन संकट भी उतपन्न नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जहां-जहां कटते हैं वन, वहां वहां हुआ है बिनाश। कोरोना काल इसका गवाह है। दिल्ली और महाराष्ट्र में अर्थ के लिए हो रहे अनर्थ का ही परिणाम है कि वहां बेकाबू गर्मी, जल संकट और प्रदूषण बेतहासा बढ़ा है। जिसका खामियाजा लोग भुगत रहे हैं। वन राखी मूवमेंट के अगुआ कौशल किशोर ने वन बचाने वाले सभी 500 पर्यावरण प्रेमी महिलाओं एवं पुरुष को शॉल ओढ़ा कर मिठाइयां के साथ फलदार पौधा देकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं में डाली के उप मुखिया अफजाल अंसारी, छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद प्रतिनिधि सुभाष गुप्ता, डाली पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि,सुचित कुमार जायसवाल, चराई मुखिया रविंद्र राम, छतरपुर के पूर्व प्रमुख जगनारायण सिंह, हरिराम, रामजी सिंह, कपिल देव सिंह, राजेश्वर विश्वकर्मा, कृष्ण प्रसाद, सत्येंद्र सिंह, बनारसी देवी बलराम सिंह ने वन राखी मूवमेंट से होने वाले वनों की सुरक्षा और पर्यावरण की सुरक्षा पर अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष नागेश्वर सिंह ने की। जबकि संचालन गायक शिवनाथ सुरीला ने किया। मौके पर वन राखी मूवमेंट के सदस्यों में सुमित जायसवाल,मनोज गुप्ता , श्याम बिहारी सिंह, श्याम देव विश्वकर्मा, जयराम विश्वकर्मा, विश्वनाथ भुईयां, उपेंद्र सिंह, बिरजू सिंह, बुधन सिंह, लीला सिंह, अवध सिंह, हरिहर सिंह, मिथिलेश सिंह, पनपत्ति देवी, संतोष गुप्ता, अनूप ठाकुर, रवि प्रसाद, लक्ष्मण भुईया, भदई भुईयां, पन्ना देवी, गीता देवी, लीलावती देवी अलावे पर्यावरणविद द्वारा कन्या पूजन में शामिल अनिता कुमारी, सुषमा कुमारी, निशा कुमारी, आरती कुमारी, सोनी कुमारी आदि उपस्थित थी।

## विष्णु दयाल राम की जीत पर एनसीपी कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** देश में एनडीए को बहुमत मिलने व पलामू में बीजेपी के वीडी राम की भारी मतों से जीत पर हुसैनाबाद एनसीपी कार्यालय में जश्न का माहौल है। पलामू का परिणाम आने के बाद कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। एनसीपी के पलामू जिला प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने कहा कि पलामू में बीजेपी की जीत एनडीए गठबंधन की जीत है। इस जीत ने साबित कर दिया है कि पलामू में एनडीए गठबंधन काफी मजबूत है।उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह का प्रयास भी रंग लाया। उन्होंने बताया कि विधायक ने दूरभाष पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि सभी के प्रयास से बीजेपी प्रत्याशी वीडी राम हैट्रिक लगाने में कामयाब रहे। उन्होंने वीडी राम व एनडीए गठबंधन के सभी नेताओं कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान, युवा अनुमंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह हरी, प्रकाश अग्रवाल, गोरख पासवान, अभिषेक शर्मा, योगेंद्र सिंह, बलिस्टर सिंह, मनु सिंह, ओमप्रकाश राजवंशी, रजनीश सिंह, पंकज सिंह, राजधानी पासवान, प्रसांत सिंह, रतन लाल, विजय राजवंशी, बबन सिंह, अवधेश सिंह, व अन्य कार्यकर्ता पदाधिकारीगण शामिल थे।

## होटल में बेचे जा रहे शराब, पुलिस ने किया जप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** थाना क्षेत्र में अवैध तथा नकली शराब कारोबार जोरों पर है छतरपुर के अनेकों लाइन होटल में अंग्रेजी शराब के साथ नकली शराब भी बेचे जा रहे हैं। जिसमें लगातार छतरपुर पुलिस कार्रवाई कर रही है बीती रात्रि छतरपुर पुलिस अवैध कारोबारियों पर कार्रवाई करते हुए छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छतरपुर जपला रोड में स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के बगल में भोला फास्ट फूड होटल से काफी मात्रा में अंग्रेजी शराब एवं बियर जप्त किया। दुकान के अंदर फ्रीज में 59 बोतल गॉडफादर बियर तथा अंग्रेजी शराब स्टर्लिंग, रॉयल स्टैग, कंपनी की अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। तथा दुकानदार प्रदीप कुमार, पिता अवधेश साव, ग्राम खाटीन, छतरपुर को गिरफ्तार किया गया इस संबंध में छतरपुर थाना कांड संख्या 92/2024 धारा 272/273 भाश्वदश्वि एवं 47 (ए) उत्पाद अधिनियम दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को मेदनीनगर जेल भेज दिया गया।

## पंडवा पुलिस ने बालू लड़ा दो ट्रैक्टर को किया जब्त



**पड़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंडवा पुलिस ने बुधवार को अहले सुबह दो ट्रैक्टर को अवैध बालू ढुलाई करते हुए जब्त किया है। पंडवा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने बताया कि बुधवार की सुबह गस्ती में निकले थे। इसी बीच दो ट्रेक्टर अवैध बालू ढुलाई करते पाया जिसे जब्त किया गया है। बताया की दोनो ट्रैक्टर बालू लेकर बटसारा के तरफ से पाटन मोड़ तरफ ले कर जा रहा था। जब्त कर पंडवा थाना प्रभारी ने पंडवा थाना में ला कर आगे की कार्रवाई कर रही है। मालूम हो की दोनो ट्रैक्टर में कोई नंबर नही है।

## सांसद प्रतिनिधि रंजीत पासवान ने तीसरी बार सांसद बनने पर विष्णु दयाल राम को दिया बधाई



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को तीसरी बार पलामू लोकसभा से लगभग तीन लाख से चुनाव जीतने पर सांसद प्रतिनिधि रंजीत पासवान सहित भाजपा के नेताओं ने बधाई व शुभकामनाएं दी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि रंजीत पासवान ने कहा की विष्णु दयाल राम के कार्य प्रणाली सुलभ सोच के साथ माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनहित जनकल्याणकारी योजनाओं को देखते हुए पलामू वासियों ने फिर से विष्णु दयाल राम को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने के साथ ही मोदी सरकार की वापसी की ठानी है।रंजीत पासवान ने कहा की पूरे पलामू वासियों ने पूरे झारखण्ड में सबसे अधिक मत से जीत दिलाई है.जिसके लिए हम सभी पलामू वासियों के शुक्रगुजार हैं। आगे उन्होंने कहा की यह सिर्फ और सिर्फ मोदी सरकार की जनकल्याण योजना एवं हमारे सांसद श्री विष्णु दयाल राम के सरल स्वभाव के धनी व्यक्तित्व होने के साथ साथ मृदुभाषी व दूर दृष्टि सोच से जीत मिली है।

## वीडी राम की जीत पर भाजपा नेताओं ने जयप्रकाश चौक पर माल्यार्पण किया व मिठाइयां बाटी



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संसदीय क्षेत्र से बीडी राम को भारी मतों से हैट्रिक जीत पर हुसैनाबाद के भाजपा कार्यकर्ताओं ने जयप्रकाश जी पर माल्यार्पण अर्पण किया और एक दूसरे को मिठाईयां खिलाई एवं बाटी साथ ही जमकर आतिशबाजी किया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं एवं कार्यकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि आज भाजपा कार्यकर्ता एवं मतदाताओं का परिश्रम कामयाब हुआ जिसके चलते बीडी राम को हैट्रिक जीत मिली उन्होंने आगे कहा कि अपने विधानसभा के क्षेत्र के जनता को पलामू सांसद बीडी राम खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर पूर्व न.प.अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन राम, मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, संतोष गुप्ता अनिल कुमार सिंह के अलावा भाजपा के कार्यकर्ता एवम अन्य लोग उपस्थित थे।

## यूपी के दो लाल ने किया कमाल : मो. शफीक अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** यूपी के दो लाल ने मिलकर बिजेपी सरकार को पुर्ण बहुमत आने से रोक दिया। हालांकि भारत के धुरंधर नेताओं ने गजब की शतरंज बिछाई थी। इस शतरंज के खेल में यूपी के कई बार निर्वाचित बड़े मुख्यमंत्री का भी बहुत बड़ा हाथ था, उन्हें समझ में ही नहीं आया जिसका घर शीशा का होता है, वह दूसरो पर पत्थर नहीं फेंका करते। दूसरों के बिछाएं इस जाल में खुद फॅस गयी ऐसा लग रहा है, जैसे मानों न घर का रहीं और न घाट के। इस तरह का रवैया देखकर लोकतंत्र के भगवान (जनता जनार्दन) कहे जाने वालों ने पुर्व के ही 2-3 चुनाव से अच्छी तरह से समझ रहीं थीं कि कहीं न कहीं अपना जीत की खुशी से ज्यादा दूसरों के हार से संबंध है। इस तरह से जो कहावत है कि कुंवा दूसरों के लिए ही नहीं खोदा जाता है उस कुंआ में कभी आप स्वयं गिर सकते हैं। यूपी के दो लाल ने जबरदस्त कमबैक करते हुए कई सतरंज खिलाड़ियों के मंसूबों पर पानी फेंक दिया। अपने आप को मजबूत करते हुए विपक्ष दल के नेता के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे ताकि लोकतंत्र जीवंत बना रहे।

## प्रखंड प्रमुख ने ब्लॉक परिसर में किया पौधरोपण : रेशम कुमारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर ब्लॉक परिसर मे बुधवार के प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी ने अपने कार्यकर्ताओं व पंचायत समिति सदस्य के साथ वृक्षारोपण किया। मौके पर उन्होंने ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग पूरे देश मे चिंता का विषय बन गई। जीव जंतु खतरें मे है। उनका कहना कि पलामू इलाके से कई उदाहरण समाने आ रहे है और दिन प्रतिदिन स्थिति काफी चिंतजानक होती जा रही है। उन्होंने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण आज पेड़ पौधे की 1372 प्रजातीया व 37 फीसदी जीव जंतु खतरें मे है, इसे बचाने के लिए हम सबो की एकजुटता के साथ काम करने की जरूरत है। इसी दौरान लोगों के पर्यावरण बचाने के लिए शपथ दिलाई ताकि इसकी महता को समझे और हर व्यक्ति ने शपथ लिया की पर्यावरण बचाने के लिए एक एक पेड़ अवश्य लगाए। मौके पर पंचायत समिति सदस्य विनेश विश्वकर्मा, अरुण कुमार शिक्षक, बिट्टू सिंह, लल्लू, ब्लॉक कर्मी बिनोद कुमार रवि समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## पंचायत सचिवालय में किया गया पौधारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को प्रखंड के चितविश्राम, हुलहुलाखुर्द व बिलासपुर पंचायत में बुधवार को पौधारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को शपथ में दिलाया गया। चितविश्राम पंचायत की मुखिया सनिधा सोनी ने वायु प्रदूषण को रोकने के लिए पेड़ लगाने और जनमानस को सजग होने की बात कही. उन्होंने कहा कि पर्यावरण के समक्ष प्रदूषण चुनौती बनकर खड़ी है। पृथ्वी को सुरक्षित रखने का सबसे आसान उपाय हम सभी लोगों को पौधा लगाना साथ ही उसका संरक्षण भी करना होगा। बिलासपुर पंचायत मुखिया अनुराधा देवी ने पेड़ लगाकर पूरे विश्व को प्रदूषण मुक्त विश्व बनाने के संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण के लिये अधिक से अधिक पौधा लगाने और उसका संरक्षण करने की जरूरत है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव, अनुराग सोनी, पंचायत सेवक वीरेंद्र कुमार सिंह,अमन केशरी, रोजगार सेवक मनीष चौबे, श्रवण राम, धनंजय पांडेय, कन्हैया चौबे, उर्मिला देवी, सुनिता देवी, शाहिद रजा, अफरोज आलम, प्रकाश राम, मुखलाल चंद्रवंशी, नरेश चौधरी, पिंकी देवी, पूनम, पूजा देवी, सविता कुमारी, द प्रियंका कुमारी, रइस अंसारी, कमला देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विष्णु दयाल राम को भाजपा नेताओं ने दी जीत की बधाई



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू लोक सभा क्षेत्र से जीत की हैट्रिक लगाने वाले सांसद विष्णु दयाल राम को भाजपा नेताओं कार्यक्रताओं ने बधाई दी है। सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय के नेतृत्व में कई नेताओं कार्यक्रताओं ने श्री राम से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए उन्हे बधाई दी। अनुज पांडेय ने कहा कि बी डी राम की यह तीसरी जीत ऐतिहासिक है। पलामू लोस की जनता ने उनपर भरोसा जताया और क्षेत्र के विकास को सराहते हुए उन्हे अपन अपार समर्थन और आशीर्वाद दिया। जिसके लिए भाजपा परिवार पलामू की जनता का ऋणी है। यह कर्ज विकास कार्यों में और तेजी लाकर उतारा जायेगा। इधर कई भाजपा नेताओं ने बी डी राम को सांसद निर्वाचित होने पर उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में वरीय भाजपा नेता शिवबंश मिश्रा, मणिभूषण पांडेय, विकाश चौबे उर्फ मिंटू चौबे सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## प्रखंड के सभी पंचायतों में मनाया गया पर्यावरण दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालयों पर बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर सभी पंचायत सचिवालयों पर पर्यावरण सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। पंचायत सचिवालय पर पौधारोपण भी किया गया। इसके लिए प्रखंड मुख्यालय से ही कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया था। विलासपुर पंचायत में नोडल पदाधिकारी के रूप में पंचायत सेवक अमन कुमार केशरी तथा रोजगार सेवक श्रवण राम, भोजपुर पंचायत में नोडल पदाधिकारी के रूप में पंचायत सेवक सरौती कुमारी तथा रोजगार सेवक आनंद कुमार विश्वकर्मा, चितबिश्राम पंचायत में नोडल पदाधिकारी के रूप में पंचायत सेवक वीरेंद्र कुमार सिंह तथा रोजगार सेवक मनीष कुमार चौबे, गरबाँध पंचायत में नोडल पदाधिकारी के रूप में पंचायत सेवक नंद कुमार मेहता तथा रोजगार सेवक मनोज कुमार सिंह, हलिवंता पंचायत में नोडल पदाधिकारी के रूप में कनीय अभियंता जितेंद्र कुमार तथा रोजगार सेवक मनोज कुमार ठाकुर, हुलहुला खुर्द पंचायत में नोडल पदाधिकारी के रूप में कनीय अभियंता अशोक कुमार तथा रोजगार सेवक सत्यनारायण सिंह,कधवन पंचायत में नोडल पदाधिकारी के रूप में पंचायत सेवक कुमारी सीमा तथा रोजगार सेवक आलोक राज, कोलझिकि पंचायत में नोडल पदाधिकारी के रूप में कुमारी सीमा तथा रोजगार सेवक रामचंद्र पांडेय, कुम्बा खुर्द पंचायत में नोडल पदाधिकारी के रूप में कनीय अभियंता रणधीर कुमार तथा रोजगार सेवक संजीत कुमार, कुशदण्ड पंचायत में नोडल पदाधिकारी के रूप में पंचायत सेवक सरौती कुमारी तथा रोजगार सेवक अम्बिका सिंह, नरही पंचायत में नोडल पदाधिकारी के रूप में पंचायत सेवक वीरेंद्र सिंह तथा रोजगार सेवक ज्ञान रंजन चतुर्वेदी तथा पिपरडीह पंचायत में सहायक अभियंता उज्जवल कुमार अग्रवाल एवम रोजगार सेवक वीरेंद्र कुमार यादव की उपस्थिति में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया तथा पौधारोपण किया गया।

## पौधरोपण अवश्य करें एवं अपने आस-पास के क्षेत्र को स्वच्छ रखें : डीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवर को समाहरणालय गढ़वा परिसर में उपायुक्त शेखर जमुआर समेत विशेष सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड सरकार राजीव रंजन, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद समेत अन्य पदाधिकारी द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। पौधरोपण के पश्चात उपायुक्त ने आमजनों से भी अपील किया कि वह भी पौधरोपण आवश्य करें एवं अपने आस पास के क्षेत्र को साफ रखे। जिससे गढ़वा जिला को स्वच्छ, सुंदर एवं हरा भरा बनाया जा सके। उल्लेखनीय है कि विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। इसे 5 जून से 16 जून तक संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन में चर्चा के बाद शुरू किया गया था। 5 जून 1974 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसके पश्चात से हर वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## आग से तीन भाई का घर जले, पांच लाख की संपत्ति राख

**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर थाना क्षेत्र के बरांव पंचायत के टोला बरवाही में अज्ञात कारणों के आग लगने से तीन घर जलकर राख। आग में बकरी,मोटरसाइकिल और घर का समान झुलस कर राख।इसमें घर समेत करीब पांच लाख की संपत्ति नष्ट हो गई।आगलगी की घटना में तीनों भाई में नागेंद्र चौधरी, रामू चौधरी एवं महेंद्र चौधरी के घर जल गए। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।अग्नि पीड़ित महेंद्र चौधरी ने बताया कि अचानक आग लगने से मेरे तीन भाई का घर जलकर राख हो गया है जिसमें लाखों की संपत्ति का नुकसान है,परिजन ने सरकारी लाभ के साथ उचित मुआवजा का मांग प्रशासन से किया हैं। इस संदर्भ में सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने बताया कि आग लगने की सूचना पर सीआई घटनास्थल पहुंचकर निरीक्षण किए हैं। राजस्व कर्मचारी को जांच रिपोर्ट देने को कहा गया है।

## रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड मनायेगा पर्यावरण सप्ताह, कई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेहला स्थित ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण सप्ताह मनायेगा.बुधवार को इसकी शुरुआत भी कर दी गई.इस दौरान संस्थान के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में कई कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। पर्यावरण सप्ताह के पहले दिन जागरूकता रैली, पौधा रोपण, पौधा वितरण सहित कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से कर्मचारियों, बच्चों,महिलाओ और आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं इसके सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि यह बेहद जरूरी है।

## संक्षिप्त खबरें

### आईसीएफएआई विश्वविद्यालय झारखंड ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

**रांची :** आईसीएफएआई विश्वविद्यालय झारखंड ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक जागरूकता सत्र और वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। मुख्य अतिथि प्रवीण बी. बच्छव, संयुक्त निदेशक और प्रमुख, सीआईपीईटी- सेंटर फॉर स्किलिंग एंड टेक्निकल सपोर्ट, रांची ने प्लास्टिक के पुनर्चक्रण और अपशिष्ट प्रबंधन प्रक्रिया के महत्व पर उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस जागरूकता सत्र का विषय भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने पर केंद्रित थी। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) रमन कुमार झा ने अपने विचार साझा किए। रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) जे.बी. पटनायक ने अतिथि और दर्शकों का स्वागत किया। डीन (छात्र कल्याण) डॉ. शोवोना चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। डीन अकादमिक प्रो. अरविंद कुमार, संकाय, कर्मचारी सदस्य और इक्काई विश्वविद्यालय झारखंड के छात्रों ने इस कार्यक्रम में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। सत्र का समापन विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान के साथ हुआ।

### अजल्फा ने नीट यूजी 2024 में 99.25 प्रतिशत के साथ 666 अंक हासिल किया

**रांची।** देश की प्रतिष्ठित मेडिकल इंटरेंस एक्जाम नीट यूजी 2024 में अजलफा तमजीद ने 99.25 परसेंटाइल के साथ 666 स्कोर लाते हुए एमबीबीएस में एडमिशन के लिए उच्च रैंकिंग 7265 आल इंडिया रैंक हासिल कर लिया है। इस खुशी के मौके पर माता-पिता और आसपास के पड़ोसियों ने भी शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# रांची पुलिस ने बरियातू इलाके से तीन बंगलादेशी महिला को किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** बरियातू पुलिस उपाधिक्षक सदर संजीव कुमार बेसरा ने बताया कि गुप्त सुचना मिली की कुछ बंगलादेशी महिला होटल बाली रिसोर्ट हिल व्यू रोड, बरियातू में अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर रुकी हुई है। इस सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पुलिस पदाधिकारी को सुचित करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक चन्दन सिन्हा के आदेशानुसार नगर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक पुलिस टीम बनाकर छापामारी की गई । जिसपर कुल 04 लडकियों को उम्र करीब 20-24 वर्ष के बीच है को बाली रिसोर्ट हिल व्यू रोड बरियातु से रेसक्यू किया गया। सभी का नाम पता पूछने पर पता चला की इनमें से तीन लडकियाँ बंगलादेश की रहने वाली है जो अवैध तरीके से रात के अंधेरे में तार काट कर बार्डर क्रॉस किये है एवं भारत में घुसपैठ किये है। इन तीनो लडकियों ने बताया कि इनके साथ तीन और लडकियाँ बंगलादेश से आयी थी जो राँची में ही मनीषा के साथ कहीं छिपी हुई है। इन पकडाये तीनों बंगलादेशी लडकियों का नाम पता पुछने पर फर्जी तरीके से भारत में बनाये गये आधार कार्ड में अंकित नाम पायल , अनिका और खुशी बताया गया है। परन्तु बारिकी से पता करने पर पता चला की इन सभी का नाम निम्पी बरुआ उर्फ पायल सरमीन उर्फ अनिता, निपा अख्तर जो अपना नाम बदलकर भारत में रह रही है। इन तीनो को महिला पुलिस पदाधिकारी के द्वारा निर्देशानुसार गिरफ्तार किया गया। इनके पास से कुल आधार कार्ड, मोबाईल बरामद की गई है। तीन बंगलादेशी महिला जो फरार है उनके नाम प्रवीन, झुमा , हासौ है।



**बरामदः** एक फर्जी आधार कार्ड-374929863217 जिसपर अनिका दत्ता का नाम अंकित है।एक स्लेटी रंग का 1द्व1श मोबाईला,एक ब्लू रंग का vivo मोबाईल टुटा हुआ, एक ओलिव रंग का ह्द्धस्त्रद्वद्ध मोबाईला, एक पिंक रंग का iphone.

**छापामारी दलः** पुलिस उपाधिक्षक सदर संजीव कुमार बेसरा, पुअनि सुरेश कुमार मंडल थाना प्रभारी बरियातु थाना,पुअनि मो0 आफताब अंसारी, मसअनि एस्थर मुर्मू,महिला ग्रह रक्षक-1080 सेबिया देवी,1079 सविता कुमारी, 18435 मेनी कुमारी, 1146 सुनिता टोप्पो,थाना सशस्त्र गार्ड।

# कल्पना सोरेन को 101 किलो गेंदा के फूलों की माला पहनायी गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा से राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी के नेतृत्व में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन के गांडेय विधानसभा के उपचुनाव जीतने की खुशी पर उनके आवास में जाकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गणों ने मिलकर पुष्प गुच्छ दिया। कल्पना सोरेन ने सभी कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद दिया। इस मौके पर रांची जिला अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से 101 किलो गेंदा फूलों का माला जीत की खुशी में कल्पना सोरेन को पहनाया गया। मुख्य रूप से सोमवित माजी, नन्द किशोर सिंह चंदेल, रांची जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष फरीद खान, मंटू पांडे,अब्दुल्लाह हबीब,रांची जिला महिला अध्यक्ष नयन तारा,महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष संध्या गुड़िया, उपाध्यक्ष रोमा सरकार, छात्र मोर्चा उपाध्यक्ष अमन ठाकुर,लखन कुमार, महिला मोर्चा संगठन सचिव राधा हेमरोम,नीतू लिंडा,अमन खान, अजीत लकड़ा, परवेज आलम,नवसाद आलम, फिरोज़ आलम,सोनू, कामरान, सद्दाम ,सोहेल खान,अब्बास अली,प्रिंस,सनोज ठाकुर, गणेश शर्मा, नैन्सी ठाकुर,ज्योति हेमरोम,अंशुल तिग्गा, सहित अनेकों समर्थक उपस्थित रहे।



## जो स्नेह और प्यार रांची लोकसभा की जनता ने दिया है, इसके लिए हृदय से धन्यवादः संजय सेठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ ने अपनी जीत पर रांची की जनता को बधाई देते हुए कहा या जीत हमारी नहीं यह रांची की जनता की जीत है, जो स्नेह और प्यार रांची लोकसभा की जनता ने दिया है, इसके लिए हृदय से धन्यवाद। रांची के जो अधूरे कार्य हैं उसे पूर्ण करना है रांची को नंबर वन बनाना है रांची लोक सभा क्षेत्र में जो भी विकास के कार्य अधूरे हैं ,उसे पूर्ण करेंगे। यहां के जनता के आकांक्षाओं पर खरा उतारने का पूरा प्रयास किया जाएगा। रांची की जनता के हर सुख दुख में साथ खड़े रहेंगे। रांची लोकसभा के सभी भाजपा के कार्यकर्ता सभी प्रदेश के पदाधिकारी मंडल के पदाधिकारी सभी सामाजिक धार्मिक संगठन सभी लोग जिन्होंने सहयोग किया लोगों को दिल की गहराइयों से बहुत आभार। इस नई जिम्मेवारी के साथ और अधिक ऊर्जा के साथ रांची की जनता के लिए काम करेंगे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर बीआईटी मेसरा में पौधरोपण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** विश्व पर्यावरण दिवस पर बीआईटी मेसरा लालपुर केंद्र में बुधवार को पौधरोपण किया गया। इस दौरान गुलमोहर के विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। केन्द्र की निदेशक डॉ. वंदना भट्टाचार्य ने कहा कि हर मनुष्य यदि अपने जीवनकाल में एक पौधा लगाए तो धरा की सुंदरता और बढ़ जाएगी। अपने जीवन में एक पौधा जरूर लगाएं। डॉ. प्रणव कुमार ने पौधरोपण करने और उनको संरक्षण देने की बात कही।



उन्होंने इस दिवस की महता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ संदीप नाथ शाहदेव, डॉ विनोद कुमार शर्मास डॉ अमृता सरकारस डॉ मानशी गुप्ता, सुभाशीष रॉय, मनोज कुमार, अनामिका कुमारी, सरिता तिग्गा, मिनी दुबे, ऐलिस टोप्पो, सोनी कुमारी, अजय कुमार, बासुदेव सिंह, डॉ महुवा बनर्जी, राणा प्रताप मिश्रा और बिनोद कुमार उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण सह संगोष्ठी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बरियातू रोड स्थित स्वर्ण रेखा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रांगण में वृक्षारोपन भी किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज,स्वर्ण रेखा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सचिव डॉ गंगेश गुंजन , स्वर्णरेखा कॉलेज ऑफ नर्शिंग की निदेशिका स्नेहा झा, स्वर्णरेखा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यालय मंत्री संजय महतो,बबन बैठा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने के लिए अपने अपने विचार साझा किए। बढ़ती गर्मी और हिट वेव से जन जीवन त्रस्त हो चुकी है।हम सबको अगाह होने की जरूरत है। बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने की जरूरत है।तभी हम सभी पर्यावरण को संग्रक्षित कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्राचार्या नर्शिंग सोनी प्रसाद, प्राचार्य फ।मेंशी विधा सागर, रजनीश, मुकेश, विशाल आदि कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# रांची में न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने किया पौधरोपण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पर्यावरण दिवस पर रांची सिविल कोर्ट में बुधवार को प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने अर्जुन, चंदन और रुद्राक्ष के पौधे लगाये। मौके पर न्यायायुक्त ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस संयुक्त राष्ट के जरिये प्रकृति को समर्पित दुनियाभर में मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण दिन है। पर्यावरण दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। दिवाकर पांडे ने कहा कि आज हमें पर्यावरण के संरक्षण,




संवर्द्धन और विकास का संकल्प लेने की जरूरत है। प्रकृति और मानव का रिश्ता पुराना है। यह एक अटूट संबंध है लेकिन आधुनिकता और बढ़ती व्यस्तता के कारण पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। बढ़ती आबादी और प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध इस्तेमाल से आज विश्व का तापमान चिंतित स्तर पर बढ़ रहा है। न्यायायुक्त ने कहा कि पर्यावरण अस्थिरता और बढ़ती आबादी द्वारा जल के अंधाधुंध उपयोग के कारण जल का स्तर भी गिरता जा रहा है। पर्यावरण दिवस पर हमें अपनी वायु, जल तथा पृथ्वी को बचाने के लिए सभी व्यक्तियों की भागीदारी की आवश्यकता है। हमें जल, वायु और धरती को शुद्ध रखने का संकल्प लेना चाहिए। रांची जिला बार एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार विद्रोही ने कहा कि हमें पूरे सालभर पर्यावरण दिवस के कार्यक्रम के उद्देश्यों को ध्यान में रखना चाहिए।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं द्वारा किया गया वृक्षारोपण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 05.06.2024 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की विभिन्न शाखाओं द्वारा इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस के थीम भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता में वृक्षारोपण कर योगदान किया गया । वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, राँची के अंचल प्रमुख श्री बैजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में उप-अंचल प्रमुख शशिकांत तथा क्षेत्र प्रमुख आलोक कुमार एवं उप-क्षेत्र प्रमुख नीरज कुमार कंधवे की उपस्थिति में श्यामली शाखा द्वारा जेवीएम श्यामली व सर्वशिक्षा अभियान, झारखंड, धुर्वा, राँची, डोरंडा शाखा द्वारा बिशप वेस्टकॉट डोरंडा स्कूल एवं केंद्रीय विद्यालय हिनू, रातू शाखा द्वारा लेडी के.सी. रॉय मेमोरियल स्कूल तथा एमएच नामकुम शाखा द्वारा बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स सहित बॉय्ज स्कूल, नामकुम, मांडर शाखा द्वारा वंडरलैंड स्कूल, मोराबादी शाखा द्वारा रामकृष्ण मिशन, अरगोड़ा शाखा द्वारा केंद्रीय विद्यालय, एचईसी, धुर्वा में किया गया ।

इस कार्यक्रम में सर्व शिक्षा अभियान के जयंत मिश्रा, उप प्रशासक एवं उनकी टीम, मेकॉन के संदीप सिन्हा, उप-अध्यक्ष एसएमसी (सीजीएम मार्केटिंग), जेवीएम श्यामली स्कूल से श्री समरजीत जेना, प्राचार्य, श्री संतोष कुमार झा, वरिष्ठ उप-प्राचार्य, विभूति नाथ झा, उप-प्राचार्य, संजय कुमार, उप प्राचार्य तथा अन्य शैक्षिक एवं गैर शैक्षक स्टाफ, एवं केंद्रीय विद्यालय हिनू के प्राचार्य चन्दन कुमार चौधरी, तथा बिशप वेस्टकॉट स्कूल के नामांकन प्रभारी एम.डी शहाबुद्दीन तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कारोबार संपर्क प्रबंधक श्री रॉबिन लकड़ा, शाखा प्रमुख सुश्री इशलीन कौर, सुश्री श्वेता नारायण सिंह, अभय शंकर, रितेश कुमार, डिंपल रानी, विजयेन्द्र कुमार, एवं अन्य स्टाफ सदस्य शामिल हुए ।

# कल्पना सोरेन की जीत के लिए गांडेय की जनता का आभार : झामुमो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन को गांडेय विधानसभा उपचुनाव में जीत हासिल करने के मौके पर उन्हें बधाई दी । और कहा की न सिर्फ गांडेय उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बाजी मारी है, बल्कि लोकसभा चुनाव में भी झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के तीन सांसद और इंडिया गठबंधन कांग्रेस से दो कुल मिलाकर 5 सीटों पर इंडिया गठबंधन का कब्जा हो गया है। आगामी विधानसभा में 50 पर सीटों में झारखंड मुक्ति मोर्चा विजयी हासिल करेगी।

इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## डीजीपी नशा के कारोबार को लेकर करेंगे छह को समीक्षा

**रांची :** डीजीपी अजय कुमार सिंह गुरुवार को नशा कारोबार के खिलाफ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम जिले के एसएसपी, एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इस दौरान सभी जिलों में नशा के खिलाफ की गई कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी। अफीम सहित अन्य नशीले पदार्थ के उत्पादन को लेकर राज्य सवालों के घेरे में रहा है। इसके उत्पादन और उपभोग में वृद्धि देखी गयी है। इस संबंध में हाई कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के निदेश दिये हैं। हालांकि लगातार अफीम और नशीले पदार्थ राज्य के किसी ना किसी जिले में बड़े पैमाने पर पकड़े जा रहे हैं।

# कांग्रेस मुख्यालय में कालीचरण मुंडा एवं सुखदेव भगत का अभिनंदन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नवनिर्वाचित खूंटी और लोहरदगा लोकसभा के सांसद कालीचरण मुंडा एवं सुखदेव भगत का अभिनंदन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में कांग्रेस मुख्यालय में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मिर उपस्थित थे। इस अवसर पर दोनों सांसदों को गुलदस्ता देकर माला पहनाकर एवं संविधान की प्रति देकर स्वागत किया गया।इस अवसर पर अपने संबोधन में गुलाम अहमद मिर ने कहा कि इस बार के चुनाव में इंडिया गठबंधन का जो मुद्दा रहा वह आम आदमी के लिए था, उनके अधिकारों को बचाने की लड़ाई थी,संविधान की रक्षा की लड़ाई थी,हमने आपके सहयोग से सभी सीटों पर अच्छी



लड़ाई लड़ी,हमें उम्मीद ज्यादा थी लेकिन हम थोड़े कम रहे। लक्ष्य से जो कम सीटें हमने पाई उसकी हम सुक्ष्मता से अध्ययन करेंगे ताकि उन कमियों को भविष्य में दूर किया जा सके। राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड की जनता ने हमें सम्मान दिया है।देश की संसद में अपनी आवाज बुलंद करने के लिए कांग्रेस के नुमाइंदों को अपना प्रतिनिधि चुना है और सर्व समाज की अवधारणा को मजबूत करते हुए सिर्फ क्षेत्र विशेष की नहीं बल्कि पूरे झारखंड की जनता की ये आवाज बनेंगे। लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि यह जीत जनता की जीत है,राहुल गांधी के प्रयासों के जीत है। खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि मैं कांग्रेसी हूं और कांग्रेस पार्टी ने मुझे बहुत कुछ दिया है ,कांग्रेस के दिए सम्मान को मैं भूल नहीं सकता और अब जो जिम्मेदारी मुझे मिली है उसे निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, इरफान अंसारी,राजेश कच्छप, अनवर महासचिव अमूल्य नीरज खलको, राकेश सिंह, सतीश पौल मुजनी,राजीव रंजन प्रसाद, रविंद्र सिंह,मानस सिन्हा, सोनाल शांति, संजय लाल पासवान, कमल ठाकुर, गजेंद्र सिंह, निरंजन आभा सिन्हा कुमार राजा,राकेश किरण महतो,अभिलाष साहू, जगदीश साहू समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

# रांची के एक्स्ट्रीम स्पोर्ट्स बार हत्याकांड में चुटिया थाना प्रभारी सहित तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** चुटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक्स्ट्रीम स्पोर्ट्स बार एंड ग्रिल में डीजे संदीप की गोली मारकर हत्या करने के मामले में चुटिया थाना प्रभारी सहित तीन पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है।एसएसपी की अनुशंसा पर रांची रेंज के डीआईजी अनुप बिरथरे ने चुटिया थाना प्रभारी उमाशंकर सिंह को सस्पेंड कर दिया जबकि एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने चुटिया थानेदार के बॉडीगार्ड और घटना के समय अरगोड़ा थाना के पेट्रोलिंग वाहन के एक पुलिसकर्मी को सस्पेंड किया है। रांची के एक्स्ट्रीम बार में हुई गोलीबारी और डीजे संदीप की हत्या के बाद यह जानकारी बाहर आयी थी कि चुटिया थाना प्रभारी ने अपने बॉडीगार्ड को ही मामले की जांच के लिए भेजा था। वह खुद मौके पर नहीं पहुंचे। इसकी वजह से इतनी बड़ी वारदात हो गयी। पूरे मामले में चुटिया पुलिस की अनुशासनहीनता सामने आयी थी। इस कांड के बाद यह निर्णय लिया गया कि सभी थानों में पदस्थापित बॉडीगार्ड को लाइन क्लोज किया जायेगा और उन्हें नये सिरे से अलग-अलग थानों में पदस्थापित किया जायेगा। इससे पूर्व डीजीपी ने राजधानी में बढ़ रहे




अपराध पर अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में एक्स्ट्रीम बार हत्याकांड पर नाराजगी जताई थी। उल्लेखनीय है कि 26 मई की देर रात चुटिया थाना क्षेत्र में एक्सट्रीम स्पोर्ट्स बार एंड ग्रिल में खाने-पीने के दौरान बार के बाउंसर और पांच लोगों के बीच विवाद हुआ था। इस दौरान बार के बाउंसर ने पांचों लोगों को जमकर पीटा था। सूचना मिलने पर चुटिया थाने के पदाधिकारी बार पहुंचे। पुलिस के आने से पहले एक व्यक्ति के छोड़कर अन्य सभी लोग वहां से चले गये थे। पुलिस उस एक व्यक्ति को चुटिया थाने ले गयी। इसके बाद देर रात 01ः18 बजे बार का डीजे संदीप उर्फ सैंडी टैक्सी के इंतजार में बार के बाहर स्थित लिफ्ट के पास खड़ा था। इस बीच लिफ्ट से एक हथियार बंद व्यक्ति दूसरे तल पर स्थित बार में आया और सैंडी को गोली मार दिया। उसने जाते वक्त बार के शीशे पर भी गोली दागी। गोली चलने की आवाज सुनकर गश्ती पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची घायल डीजे को रिम्स ले गयी, जहां उसकी मौत हो गयी।

# ट्रेन से बैग चोरी करने के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ट्रेन से बैग चोरी करने के मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम शिव प्रकाश चौधरी है। वह चुटिया का रहनेवाला है। बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार रांची सुरक्षा नियंत्रण से आरपीएफ पोस्ट को एक शिकायत मिली कि ट्रेन संख्या 18635 से एक अज्ञात व्यक्ति काले रंग के ट्रॉली बैग की चोरी कर लिया है। शिकायत प्राप्त होने के बाद निरीक्षक डी शर्मा ने आरपीएफ पोस्ट और सीआईबी के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सीसीटीवी फुटेज की मदद से स्टेशन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक व्यक्ति को काले रंग के बैग के साथ ऊपरी पुलिया पर जाता हुआ देखा गया। संदेह के आधार पर उस व्यक्ति को हिरासत में लिया गया और उससे पूछताछ की गई। बैग के बारे में पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसने यह बैग ट्रेन संख्या 18635 के कोच से चुराया था। बैग में एक डेल कंपनी का लैपटॉप, चार्जर, ईयरफोन, कीबोर्ड, माउस और कुछ कपड़े थे, जिसे घटनास्थल पर जब्त कर लिया ।



इसके बाद शिकायतकर्ता के जरिये ट्रॉली बैग का सत्यापन किया गया और काले रंग के ट्रॉली बैग के साथ व्यक्ति को जीआरपी रांची को सौंप दिया गया। इस संबंध में जीआरपी रांची में शिकायत दर्ज कराई गई है। बरामद संपत्ति का मूल्य 80 हजार रुपये आंका गया है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## बेंती पहाड़ पर लगा पर्यावरण मेला



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेंती पैना पहाड़ में पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में बुधवार को पर्यावरण पहाड़ मेले का आयोजन किया गया। इस मेले के मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप एवं ग्राम वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति सह भाजपा नेता सत्यदेव मुंडा उपस्थित थे। ज्ञात है की भाजपा नेता सत्यदेव मुंडा 29 वर्षों से बेती पैना पहाड़ मेला का आयोजन करते आ रहे हैं।मेले में पर्यावरण दिवस को लेकर वहां के ग्रामीणों को पेड़ पौधों के बारे में कई प्रकार की जानकारियां दिया गया साथ ही सभी को एक-एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया गया। पर्यावरण दिवस के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से आयोजित इस मेले में कई मनोरंजन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया एवं नागपुरी कलाकारों ने गीत संगीत के माध्यम से लोगों को पर्यावरण का महत्व बताया। मौके पर ग्राम वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति सत्यदेव मुंडा विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुंडा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ससाग राज भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर प्रमुख दीपा उरांव बीसा मुखिया मंजूती देवी गेतलसूद मुखिया शांति मुंडा सिरका मुखिया रोशन लाल मुंडा उप मुखिया संजय भोगता पंचायत समिति मनेसवर मुंडा बीसा पूर्व पंचायत समिति सबिता मुंडा आजसू प्रखंड सचिव धर्मेंद्र सिंह समाज सेवी अजय सिंह ग्राम प्रधान उमेश बड़ाईक कमलाकान्त मुंडा बुधराम बेदिया शिक्षा प्रतिनिधि साकिर अंसारी छोटेलाल महतो अजय मुंडा मेला समिति के अध्यक्ष बनु बेदिया अरुण मुंडा बालकराम मुंडा लालजी बेदिया गांधीया करमाली सहित अन्य मौजूद थे।

## मेधा डेयरी के किसान लगाएंगे पौधे, विश्व पर्यावरण दिवस पर हुई शुरूआत

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर मेधा डेयरी परिवार द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत कर सराहनीय व अनुकरणीय पहल की गयी है. इस संबंध में मेधा डेयरी के अधिकारी अनुजकुमार पांडेय ने बताया कि हर दूध शीतक केंद्र में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की गयी है. इसे भविष्य में एक अभियान का रूप देना है. इस अवसर पर झारखंड मिल्क फेडरेशन के महाप्रबंधक एम गोपालन ने भानु महतो द्वारा संचालित पतरातु बीएमसी के दूध उत्पादक महिला पुरुष किसान सदस्यों के साथ पौधारोपण किया. इसी क्रम में कंडेर बीएमसी ,खलारी- बुढ़मू पथ के अन्य बीएमसी में पौधारोपण का शुभारंभ किया गया. पांडेय ने बताया कि इसका एकमात्र उद्देश्य पर्यावरण में संतुलन के लिए समाज में जागरूकता लाना है. राज्य के समस्त जिलों में मेधा डेयरी से जुड़े लगभग 45000 किसान परिवार द्वारा पौधारोपण कराया जाएगा.इसी क्रम में खलारी के बमने स्थित दुग्ध संग्रहण सह शीतक केंद्र से जुड़े किसानों के द्वारा भी पोधा रोपण कराया जाएगा. यह अभियान श्वेत क्रांति के साथ पर्यावरण संरक्षण क्रांति को स्वरूप देगा, यह हम सभी का नैतिक कर्तव्य है.

## रोहिणी परियोजना में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रोहिणी परियोजना में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया.इस अवसर पर पीट ऑफिस पर उपस्थित अधिकारियों एव कर्मचारियों ने पर्यावरण सुरक्षा की शपथ लिया.उसके बाद रोहिणी अमृत वाटिका में वृक्षारोपण किया गया.इस मौके पर विकास चौधरी, सतपाल सिंह, सुजीत कुमार, दिव्य प्रकाश,सुधीर कुमार सिंह सहित कई लोग मौजूद थे.

## आवासीय इलाके तक पहुंच रहे डकरा खदान में ब्लास्टिंग से निकले पत्थर

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत डकरा कोयला खदान में किए जा रहे ब्लास्टिंग से निकलने वाले पत्थर के टुकड़े केडी आवासीय क्षेत्र तक पहुंच रहे हैं. बुधवार दोपहर में केडी अंबेडकर चौक के निकट एक दुकान के छत पर पत्थर के टुकड़े आकर गिरे. काफी ऊंचाई से पत्थर गिरने के कारण दुकान के छत में लगा लोहे के सीट टेढ़ा हो गया. पत्थर सीट को टेढ़ा करता हुआ जमीन पर आ गिरा. संयोगवश वहा दुकान के पास खड़े लोग चपेट में नही आये नही घटना हो जाती. इस घटना पर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई और कहा कि प्रबंधन नियंत्रित क्षमता का ब्लास्टिंग करे अन्यथा लोग आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे.

## छात्रों ने 2023-24 ओलंपियाड अवार्ड्स में असाधारण प्रदर्शन किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हावड़ा के तीन छात्रों ने 2023-24 के लिए एसओएफ ओलंपियाड परीक्षा में शीर्ष रैंक हासिल की है। सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल की पहली कक्षा की छात्रा सुभग्या दलुई ने अंतर्राष्ट्रीय सामान्य ज्ञान ओलंपियाड में पहला स्थान प्राप्त किया, अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक और योग्यता प्रमाण पत्र अर्जित किया। डॉन बॉस्को स्कूल के पहली कक्षा के छात्र सुव्रोनील मुर्मू ने अंतर्राष्ट्रीय सामान्य ज्ञान ओलंपियाड में दूसरा स्थान प्राप्त किया, अंतर्राष्ट्रीय रजत पदक और योग्यता प्रमाण पत्र प्राप्त किया। सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल के पहली कक्षा के छात्र बिभु दास ने अंतर्राष्ट्रीय सामान्य ज्ञान ओलंपियाड में तीसरा स्थान प्राप्त किया, अंतर्राष्ट्रीय कांस्य पदक और योग्यता प्रमाण पत्र प्राप्त किया। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन ने सात अलग-अलग ओलंपियाड परीक्षाओं में भाग लेने वाले ग्रेड 1 से 12 तक के शीर्ष तीन विश्वव्यापी रैंक धारकों को सम्मानित करने के लिए नई दिल्ली में एक पुरस्कार समारोह आयोजित किया।

## जिला स्तरीय विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**साहिबगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रत्येक वर्ष 05 जून को पूरे विश्व में पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में हमारा भूमि हमारा भविष्य थीम को लेकर सिद्धू कान्हू इनडोर स्टेडियम साहेबगंज में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार, उपायुक्त हेमंत सती, वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार तिवारी संयुक्त रूप से दीप जलाकर पर्यावरण दिवस कार्यक्रम की शुरुआत की । इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने अपने समबोधान में कहा की इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। इसे 05 जून से 16 जून तक संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन में चर्चा के बाद शुरू किया गया था। 05 जून 1974 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसके पश्चात से हर वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने सभी को अनुरोध किया कि हम सब एक-एक वृक्ष अवश्य लगाए और पर्यावरण की रक्षा करें ।

## व्यवहार न्यायालय साहेबगंज में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

**साहिबगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, साहेबगंज -सह- अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार ने व्यवहार न्यायालय परिसर में पौधा रोपण कर पर्यावरण को बचाने और जागरूकता का संदेश दिया । इस अवसर पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम धीरज कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय विरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीया शेखर कुमार व अन्य ने भी पौधा लगाया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, सिविल जज सह न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी राजेश श्रीवास्तव, प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी सुमित कुमार वर्मा, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार, चीफ एलएडीसी अरविन्द गोयल सहित न्यायालय कर्मी उपस्थित थे ।

### पिपरवार कोयलांचल मे मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

# पर्यावरण की हरियाली हम सभी के लिए वरदान : सीबी सहाय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कई जगह पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया गया।पिपरवार क्षेत्र के सभी परियोजना कार्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।पिपरवार महाप्रबधंक कार्यालय मे महाप्रबधंक सीबी सहाय सहित अधिकारियो ने वृक्षारोपण किया।इस दौरान जीएम श्री सहाय ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को पर्यावरण की रक्षा को लेकर शपथ दिलाया।जीएम सीबी सहाय ने कहा कि अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण की रक्षा करना कम्पनी का उदेश्य है।पर्यावरण को जीवित रखने के लिए सभी लोगो से पौधा लगाकर इसकी देखभाल करने की अपील की।उन्होंने कहा कि पर्यावरण की



हरियाली हम सभी के लिए वरदान है।वर्तमान मे पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना और इसकी देखभाल करने की जरूरत है।इसके अलावे इसकी रक्षा के प्रति लोगो को जागरूक होने की जरूरत है। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए सीसीएल पौधा लगाकर इसकी देखभाल कर रही है,लेकिन स्थानीय लोगों के भी इसमें सहयोग की आवश्यकता है।पिपरवार के कारों में बन रहे सोलर प्लांट कोल इंडिया का दुसरा सबसे बड़ा सोलर प्लांट है,इसके चालू होने से पिपरवार क्षेत्र का नाम रोशन होगा।इस अवसर पर जीएम सीबी सहाय,एजीएम रंजय सिन्हा, डीपी राय,दिलिप शर्मा,क्षेत्रिय पर्यावरण पदाधिकारी संजय कुमार,किशन अवस्थी, सच्चिदानन्द सिंह,राकेश कुमार पाण्डेय,विनय कुमार झा,संतोष यादव सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजुद थे।

इधर अशोक परियोजना कार्यालय में परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण की रक्षा को लेकर शपथ दिलाया,साथ ही परियोजना कार्यालय में वृक्षारोपण किया।मौके पर पीओ संजय कुमार,खान प्रबंधक एसके सिंह,कार्मिक प्रबंधक हेमचन्द महतो, सत्येन्द्र कुमार,राजेन्द्र कश्यप सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

इधर बेंती पंचायत भवन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया।इस दौरान पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक पेड़ लगाने और उसकी रक्षा करने का संकल्प लिया गया।मौके पर मुखिया सरिता देवी,पसंस कुमारी अनुप्रिया सहित आंगनबाड़ी सेविका और महिला समूह के सदस्य सहित समाजसेवी गणेश भुईयां आदि लोग मौजुद थे।

## विश्व पार्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटी सिलवे रांची के द्वारा पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत एक्यूप्रेशर परिषद प्रदेश सचिव डॉ मधुसूदन पांडे द्वारा दीप प्रज्वलित कर स्वर्गीय बृज बिहारी पांडे की पुण्यतिथि के उपलक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर वृक्षारोपण किया गया एवं टिहरी भात वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर डॉक्टर मधुसूदन पांडे ने कहा की एक्यूप्रेशर और पर्यावरण का बहुत ही गहरा नाता है जैसे मिट्टी



जल अग्नि और हवा पर्यावरण के लिए आवश्यक है इस तरह शरीर को संतुलित करने के लिए इनका रहना आवश्यक है ।सभी ने शपथ ली के पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाए जाएंगे इस अवसर पर एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के समस्त स्टाफ मा एक्यूप्रेशर सेंटर के डॉक्टर ललिता कुमारी, डॉ प्रीति कुमारी, विजय लिंडा ,जगन्नाथ महतो, अखिल पाठक, श्री राम बालक सिंह ,भोलानाथ ठाकुर ,अशोक कुमार पांडे, परी कुमारी, तारा कुमारी कार्यक्रम का संचालन नरेश महतो ने किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के वृक्ष जैसे पीपल ,बर ,नीम ,शरीफा ,अमरूद अशोक, कर्नल, शमी ,शूटिं के कई एक पौधे लगाए गए।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला अंतर्गत विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड कार्यालय परिसर, खूंटी में प्रखंड विकास पदाधिकारी, खूंटी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों ने पौधारोपण किया एवं जिलावासियों को पर्यावरण को हरा-भरा रखने का संदेश दिया। प्रखंड विकास



पदाधिकारी ने बताया कि वातावरण का संतुलित होना ही सुरक्षित पर्यावरण की नींव है। पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिए गए, बताया गया कि वर्तमान में हमें धरातल पर अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने की आवश्यकता है, ताकि हमारा पर्यावरण साफ व स्वच्छ रह सके। हमारे जीवन के लिए पेड़-पौधे बड़े ही अनमोल है। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के परिसर में पौधारोपण किया गया। साथ ही बताया गया कि लोग पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें और पेड़ों को बचाने के लिए अपनी-अपनी भूमिका निभाएं। इसके महत्व को समझते हुए सभी लोगों को पर्यावरण की रक्षा के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहृ करना चाहिए।

## ट्रांसफार्मर खराब होने से जलापूर्ति बाधित, ग्रामीणों ने किया जमकर हंगामा



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पानी की अव्यवस्था को लेकर ग्रामीण महिलाओं ने पानी टंकी के समीप जमकर किया हंगामा। जानकारी के अनुसार बुधवार को सिल्ली प्रखंड अंतर्गत मुरी पुरवी पंचायत के ग्रामीण क्षेत्र में लगभग दस दिनों से पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। जल नल योजना का कार्य भी पुरा कर लिया गया है लेकिन पानी की अव्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीण अभी भी परेशान हैं। मुरी टुंगरी पहाड़ी मुहल्ला के समीप जल नल योजना के तहत नए रुप से विशाल टंकी बनाया गया है, लेकिन लगभग दस दिनों से पानी की सप्लाई बंद पड़ा हुआ है। इस भीषण गर्मी में ग्रामीण एक एक बूंद के लिए तरस गए हैं। पीने का पानी खरीद कर पी रहे हैं। टंकी की देखरेख कर रहे कर्मचारी से पानी की सप्लाई को लेकर पूछे जाने पर बताया कि ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी होने के कारण पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है अधिकारी को सुचना दे दिया गया है जल्द से जल्द सभी को पानी की सप्लाई हो जाएगी। आश्वासन के बाद ग्रामीण महिलाएं वापस लौटे।

### सांसद सुखदेव भगत ने मुड़मा जतरा खुंटा शक्ति स्थल पर मत्था टेककर शांति व भाईचारगी की कामना की

# मानसून सत्र में सरना धर्मकोड के मामला को संसद में प्रमुखता से रखेंगे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से सुखदेव भगत प्रचंड बहुमत से चुनाव जीतकर सांसद बने ।सांसद बनने के उपरांत सबसे पहले सुखदेव भगत आज मुड़मा पहुंचकर वहां पर स्थित जतरा खुंटा शक्ति स्थल पर मत्था टेककर क्षेत्र में शांति ,समरसता और भाईचारा की कायम रहने के लिए प्रार्थना किये। इससे पूर्व लेदा पाहन के द्वारा विधिवत पूजा पाठ संपन्न कराया गया। पूजा संपन्न होने के उपरांत ऐतिहासिक राजी पाइया जतरा समिति मुड़मा के द्वारा नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर सुखदेव भगत ने सबसे पहले उपस्थित जतरा समिति के सभी लोगों का उनका अभिनंदन करने के लिए



आभार प्रकट किये ।सुखदेव भगत ने कहा कि चुनाव में आदिवासी समाज के लोगों का भरपूर सहयोग मिला है। आदिवासी समाज के उत्थान के लिए वह पूरा काम करेंगे। लाखों की संख्या में सरना धर्म के मानने वाले लोग हैं। आदिवासियों की प्राकृतिक आस्था, पूजा पद्धति और विशिष्ट रीति रिवाज के संरक्षण हेतु जनगणना कॉलम में सरना धर्म कोड को शामिल करने की मांग को आने वाले मानसून सत्र में संसद में प्रमुखता से रखेंगे ।मौके पर कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शमीम अंसारी, समाजसेवी आबिद अंसारी, महमूद अंसारी, सीताराम भगत, कमले किस्पोट्टा रंथू उरांव, अनिल उरांव, लच्छू उरांव ,वीरेंद्र उरांव ,सुमित उरांव ,सुका उरांव, सुशील उरांव, सुमित्रा उरांव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नव निर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा का प्रदेश कार्यालय में किया गया स्वागत



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा के नव निर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा और सुखदेव भगत का प्रदेश कार्यालय में माला पहनाकर स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो आदि ने शॉल ओढ़ाकर, मुंह मीठा कर और बुके देकर ऐतिहासिक जीत की बधाई दिया. मुंडा ने भी पदाधिकारियों का मुंह मीठा किया. सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा की जल, जंगल, जमीन की रक्षा करना मेरा कर्तव्य है. इसे किसी को छिनने नहीं देंगे. क्षेत्र का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है. आम जनता से मिलेंगे लोगो के हित में काम करेंगे. मौके पर विधायक इरफान अंसारी, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चतरा एंव हजारीबाग से भाजपा की जीत पर पिपरवार मे जश्न का माहौल



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र मे भाजपा की जीत पर जमकर जश्न मनाया गया।चतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह और हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल की जीत पर भाजपा पिपरवार मंडल द्वारा सहयोगी दल आजसु पार्टी के साथ मिलकर जीत का जश्न मनाया।भाजपा कार्यकर्ताओ ने अलग-अलग जगहो पर जश्न मनाया।बचरा चार नम्बर चौक मे भी बुधवार की रात और गुरूवार की शाम जीत का जश्न मनाया।इस दौरान कार्यकर्ताओ ने एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाया और मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई और पटाखे फोड़े गये।भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि देश की जनता ने लगातार तीसरी बार एनडीए गठबंधन को वोट कर नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का काम किया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर देश की जनता ने पुनः भरोसा कर बहुमत देने का काम किया है।चतरा लोकसभा क्षेत्र से पहली बार जनता ने अपना स्थानीय सांसद को चुना है।वही हजारीबाग सदर से विधायक रह चुके मनीष जायसवाल के विकास कार्यो को देखकर जनता ने उन्हे अपना सांसद चुना है।उन्होंने एनडीए को एक बार फिर से चुनने के लिए मतदान करने वाले देश की जनता के प्रति आभार प्रकट करते हुए केन्द्रीय नेतृत्व व चतरा से कालीचरण सिंह एंव हजारीबाग से मनीष जायसवाल को जीत की बधाई दी है।इस मौके पर संजीव मिश्रा,धीरेन्द्र कुमार शर्मा,बिनोद सिंह,रामप्रसाद महतो,रीना देवी,अरूण सिंह, रविन्द्र सिंह,अरूण उरांव, मुकेश कुमार,नरेश महतो, संजय ठाकुर,आरएन पण्डित,काशीनाथ महतो, अर्जुन महतो,शंकर महतो, टन्नु सिंह,दिलिप अम्बष्ट, लक्षमण मंडल,अशोक ठाकुर,विनय सिंह,गिरजा प्रसाद,मुंशी महतो,विनय सिंह सहित कई लोग मौजुद थे।

## सरला बिरला के छात्रों ने नीट (यूजी) 2024 में सफलता प्राप्त की




**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार सरला बिरला पब्लिक स्कूल की भूमि केशरी, निवेदिता राज, कृतिका और दीपशिखा बनर्जी ने नीट (यूजी).2024 में सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। छात्रों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने अभिभावकों एवं अपने शिक्षकों को दिया है। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि भविष्य की सफलता के लिए आज का परिश्रम महत्वपूर्ण है। कठोर परिश्रम के परिणामस्वरूप ही छात्रों ने मनचाही सफलता अर्जित की है।

## मुरी हिंडाल्को में पर्यावरण दिवस मनाया गया

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मूरी हिंडालको द्वारा पर्यावरण दिवस को लेकर एक सप्ताह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 31 में को गणेश पूजा कर प्रारंभ किया गया। वहीं कार्यक्रम का समापन 5 जून को परितोषित वितरण कर किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण को लेकर पोस्टर, स्लोगन, कविता लेखन, बायोडावर्सिटी फोटोग्राफी, स्टेप काउंट



प्रतियोगिता शामिल है। इसके अलावे मैराथन दौड़, स्पीच कंपटीशन, पर्यावरण नाटक, ड्राइंग कंपटीशन, वृक्षा रोपण आदि शामिल है। 5 जून को स्कूली बच्चों, कर्मचारी, अधिकारी, एवं महिलाओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई ।इस मौके पर कंपनी के एमडी सतीश पाई द्वारा पर्यावरण संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी के बीच फूल का पौधा एवं वर्मी कंपोस्ट का वितरण किया गया।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

### प्रतापपुर में तेज हवा और बारिश के कारण कई पेड़ पौधे गिरे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** बुधवार को तेज हवा और बारिश के कारण कई पेड़ पौधे गिरे वही आज प्रतापपुर से जोरी जाने वाली मुख्य मार्ग के ग्राम कठौंन में मेन रोड पर तेज हवा और बारिश के कारण आम का पेड़ रोड का बीचों बीच गिर गई। जिसमे चार पहिया दो पहिया वाहन से आने जाने वाले राहगीरों का परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**चतरा लोक सभा में दो दिग्जो के बीच मुकाबला में भाजपा के काली चरण सिंह ने मारी बाजी**

# एनडीए के काली चरण सिंह ने प्रतिद्वंदी महागठबंधन केएन त्रिपाठी को 568912 मतों से किया पराजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा 4 लोकसभा में जहां 21 प्रत्याशी अपनी अपनी किस्मत आजमा रहे थे वहीं एनडीए के भाजपा प्रत्याशी उम्मीदवार कालीचरण सिंह और महागठबंधन के कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के बीच महामुकाबला चल रहा था। सभी प्रत्याशियों ने अपना अपना दमखम चतरा लोक सभा जीत के लिए लगा चुके थे। किंतु महामुकाबला में भाजपा के कालीचरण सिंह ने 5 लाख 68 हजार 9 सौ 12 मतों से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को पराजित कर जीत का सेहरा अपने सर पर लिया है। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को 3 लाख 48 हजार 1 सौ 10 मत हासिल हुआ है।हालांकि चतरा लोक सभा में आज तक चतरा लोकसभा से बाहर के लोगों




ने जीत हासिल कर सांसद बन चतरा पर हुकूमत किए थे। किंतु यह पहला मौका है कि चतरा विधान सभा के चतरा के स्थानीय प्रत्याशी कालीचरण सिंह को यह जनादेश मिला है और जीत का सेहरा अपने सर लिया है। इस जीत में लोक सभा के मतदाताओं ने एक बार इन्हें भी चतरा लोक सभा में विकास करने का मौका दिया है। हालांकि पूर्व में भी लगातार दस वर्ष से भाजपा के सुनील सिंह हीं सांसद रहे थे। किंतु विकास कोसों दूर था। अगर बात करें की किस किस विधान सभा में कितने मत एनडीए और महागठबंधन को प्राप्त हुआ है। भाजपा के काली चरण सिंह को सिमरिया विधानसभा से कुल 140884, चतरा 143867, मणिका 70459, लातेहार 96840, पांकी 116862 मत प्राप्त हुए हैं। वहीं कांग्रेस के केएन त्रिपाठी को सिमरिया विधान सभा में 66271, चतरा 76022, मणिका 72045, लातेहार 79579,पांकी में 54193 मत प्राप्त हुए हैं। बाकी अन्य 19 प्रत्याशियों में लोकसभा क्षेत्र से मत प्राप्त में नागमणि 11798, अर्जुन कुमार 14062, करम लाल उरांव 3968,कामदेव राणा 2297, दर्शन गंझू 2780, दुलेश्वर साव 2376, भीमलाल लकरा 4983, महेश बांडों 3159लाल कुमार पंडित 2372, संजय कुमार स्नेही 3202, सुमित कुमार यादव 3499,मो अब्बूजर खान 5820, डॉक्टर अभिषेक कुमार सिंह 14038, अमित कुमार सिंह 31976, अर्जुन प्रजापति 13220, चंदन कुमार 6569, दीपक कुमार गुप्ता 12384,योगेश कुमार सिंह 5110, विक्रांत कुमार सिंह 2288, श्रीराम सिंह 2991, के आलावे नोटा को 8435, मत हासिल हुआ है। जबकि चतरा 4 लोकसभा में कुल मतदान 10 लाख 74 हजार4 सौ 49 मत मतदाताओं ने वोट किया है।

## कोल वाहन की चपेट में आने से एक की मौत, वही दुसरे की हालत गंभीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा क्षेत्र में कोल वाहनों का आतंक सर चढ़कर बोल रहा है। एनटीपीसी सीआरपीएफ कैंप समीप बाईपास पुल के पास मजदूरी करने राहम जा रहे इसराइल अंसारी एवं उनके साथ दो पहिया वाहन में सवार काम करने जा रही कुंती देवी को हाइवा ने कुचल डाला। मौके पर कुंती देवी की दर्दनाक मौत हो गई, वही इसराइल अंसारी बुरी तरह घायल हो गया।आनन फानन में ग्रामीणों के सहयोग से घायल को एंबुलेंस से हजारीबाग भेजा गया है। हालांकि घायल अंसारी की स्तिथि नाजुक बताई जा रही है। कोल वाहनों का कहर टंडवा में रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इस घटना से अक्रोशित हुए ग्रामीणों ने मृतक एवं घायल को



उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर मुख्य सड़क को जाम कर दिया। वहीं टंडवा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि तथा राजनीतिक दल के नेता तथा प्रशासनिक अधिकारी इस पर लगाम लगाने में विफल साबित हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि टंडवा में ना कोई जनप्रतिनिधि है, ना कोई नेता और ना प्रशासनिक अधिकारियों में अब संवेदना बची है। दिन प्रतिदिन सड़क दुर्घटना में लोग मारे जा रहे हैं और यहां के नेता और जनप्रतिनिधि सिर्फ तमाशा देख रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों में संवेदना नाम की चीज नहीं है। ग्रामीणों का मांग है की कोल वाहनों के लिए विशेष तौर पर सड़क का निर्माण हो और समय-समय पर जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा कड़ाई से जांच पड़ताल के साथ सुबह से शाम तक नो एंट्री हर हाल में लागू किया जाए।

## भाजपा की अपार मतों से जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर नव निर्वाचित चतरा लोकसभा के स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह की जीत की खुशी में प्रखंड मुख्यालय में हर्ष का माहौल बना हुआ है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने महावीर मंदिर के प्रांगण में एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाई दिया। वही चौक चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी की जीत की खुशी में डोर टू डोर जाकर मिठाइयां भी बांटा गया इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अनिता कुमारी, पंचायत समिति सदस्य दिव्या भोक्ता, सीमा कुमारी प्रभात, समाजसेवी अंबिका सिंह भोक्ता, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव, जयराम भारती, प्रमोद कुमार गुप्ता, अनुज कुमार गुप्ता अखिलेश प्रसाद यादव, मनोज यादव, समाजसेवी विनोद साव समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बरवाडीह रेलवे स्टेशन में संचालित चाइल्डलाइन सेंटर का केंद्रीय टीम ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह रेलवे स्टेशन में संचालित चाइल्डलाइन सेंटर का बुधवार को केंद्रीय टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्रीय टीम ने चाइल्डलाइन सेंटर में काम कर रहे लोगों को कई दिशानिर्देश भी दिये। वहीं केंद्रीय टीम के चंदकीरण ने बताया की चाइल्डलाइन 1098 सेवा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की एक सेवा है। चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन भारत में एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) है जो संकट में फंसे बच्चों के लिए चाइल्डलाइन नामक एक टेलीफोन हेल्पलाइन संचालित करता है। यह बच्चों के लिए भारत की पहली 24 घंटे की, टोल फ्री, फोन आउटरीच सेवा थी। चाइल्डलाइन 1098 सेवा पूरे भारत में उपलब्ध है। यह 602 से अधिक जिलों में उपलब्ध है, 144 से अधिक रेलवे स्टेशनों और 11 बस टर्मिनलों पर चाइल्ड हेल्प डेस्क हैं। वहीं मौके पर स्वाति सिंह, रीना कुमारी, मनोज कुमार सिंह, स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी, आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश रंजन, सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

## व्यवहार न्यायालय प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस पर न्यायिक पदाधिकारियों ने लगाए पौधे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** व्यवहार न्यायालय प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पृथ्वी हमारा एकमात्र आवास है। और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे बचाना हमारा सामूहिक दायित्व है।विश्व पर्यावरण दिवस हमें संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों की याद दिलाता है। ये लक्ष्य हमें एक ऐसे भविष्य की ओर ले जाते हैं जहां पर्यावरण और विकास में संतुलन हो। इन लक्ष्यों में गरीबी उन्मूलन, जलवा वायु परिवर्तन का मुकाबला, स्वच्छ जल और स्वच्छता सुनिश्चित करना, टिकाऊ उत्पादन और खपत को बढ़ावा देना आदि शामिल हैं।विश्व पर्यावरण दिवस हमें सिर्फ एक दिन पर्यावरण के बारे में सोचने के लिए नहीं, बल्कि हर दिन पर्यावरण के प्रति सचेत रहने और उसे बचाने के लिए जिम्मेदार




नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है। हम छोटे-छोटे कदम उठाकर, जैसे कम पानी और बिजली का इस्तेमाल करना, कचरे को कम करना और उसका पुनर्चक्रण करना, पौधे लगाना, वाहनों का कम इस्तेमाल करना आदि, पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने में योगदान दे सकते हैं।उन्होंने कहा कि यदि मनुष्य स्वस्थ और जीवित रहना चाहता है तो उसके लिए पर्यावरण के मसलों पर ध्यान देना आवश्यक है।और इसकी अहमियत को समझना और स्वीकार करना भी जरूरी है। हम लोगों की रक्षा ओजोन परत करती है। यह हमें सूरज की हानिकारक किरणों से बचाती है लेकिन इस लेयर में छेद हो गया है।यहां तक कि ग्लेशियर भी समय के साथ-साथ पिघलने लगे हैं। और ऐसे में अब इंसानों का सतर्क होना बहुत ही आवश्यक है। और पर्यावरण को सुरक्षित करने की दिशा में अहम कदम उठाए जाना भी जरूरी है।इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह, प्रधान न्यायाधीश, कुटूम्ब न्यायालय राजीव आन्नद, जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम दिनेश कुमार मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार दूबे, सीजेएम मो. अब्दुल नसीर, एसीजेएम शशि भूषण शर्मा, सिविल जज तृतीय सह ज्युडिशियल मजिस्ट्रेट स्वाति विजय उपाध्याय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चौरसिया, एसडीजेएम प्रणव कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी उत्कर्ष जैन, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद, अधिवक्ता संजय कुमार, अधिवक्ता नवीन कुमार गुप्ता, अधिवक्ता लाल अरविंद नाथ शाहदेव, अधिवक्ता पंकज कुमार, अधिवक्ता निरंजन प्रकाश मल्लान कौशल पाण्डेय, प्रदीप उपाध्याय, उज्जवल पाण्डेय सहित बार एसोसिएशन के सदस्य, एलएडीसी डिप्टी चीफ राजेश यादव, एलएडीसी सहायक दीपक कुमार मिश्रा एवं राहुल कुमार और व्यवहार न्यायालय कर्मचारियों के द्वारा पौधा लागाकर पर्यावरण के संरक्षण का संदेश दिया।

## किसी भी घर तक नहीं पहुंचा नल जल का कनेक्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के डाढा पंचायत अंतर्गत ग्राम पुकचु करमाही मे लगा जलमिनार अनियमितता का भेट चढ गया. जलमिनार लगने के बावजूद किसी घर तक नहीं पहुचा नल जल योजना का लाभ. पुकचु ग्राम के ग्रामीण बसंत नायक, महेसर यादव, महेंद्र यादव, अर्जुन यादव, राजेन्द्र यादव सहित कई लोगो ने बताया कि उ.म.विद्यालय पुकचु के समीप केन्द्र सरकार का महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत लगभग 25 घरो तक स्वच्छ पानी पहुचाने के लिए मात्र 58 फिट बोरिंग किया गया। बोरिंग से पानी नही निकला, फिर भी जलमिनार लगाया गया और उसके बगल के पुराने चापानल मे मोटर लगाया गया, लेकिन इस जलमिनार पर आज पूर्ण रूप से काम नहीं हुआ.किसी भी घर तक नल का कनेक्शन नहीं पहुंचा है यहां तक



की टंकी मे पानी भरने के लिये पाईप भी ठीक से नही लगाया गया है।. इस जलमिनार से 25 घरो को पानी देना था। लेकिन जलमिनार लगाये डेढ़ साल होने के बावजूद एक भी घर में पानी नही पहुंचा है.वहीं करमाही मे अखरा के पास लगा जलमिनार भी इस टोले के 27 घरो को पानी की आपुर्ती करने में असफल रहा .यह जलमिनार भी चालु होने के चंद सप्ताह तक कमोवेश जल आपुर्ती किया उसके बाद पिछले अक्टुबर महीने से खराब पड़ा है. ग्रामीणों को भीषन गर्मी मे जल संकट से जुझना पड़ रहा है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर निकाली गई प्रभात फेरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विभाग के द्वारा वन कार्यालय से चौक होते हुवे नगर से बाजार टाँड़ भ्रमण करते हुवे ज्ञान सरोवर तक प्रभातफेरी निकाली गई।वही ज्ञान सरोवर स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,साथ ही पर्यावरण संरक्षण पर निबंध और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर उत्साह वर्धन किया गया।वही शिक्षकों व ग्रामीणों के बीच पौधों का वितरण किया गया, साथ ही साथ स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।प्रभारी वन पाल मुन्ना उरांव ने बताया कि हम सभी को मानव जीवन को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण का महत्वपूर्ण योगदान है।इसके लिए हम सभी को एक संकल्प लेना होगा की पेड़ की कटाई न करें अन्यथा आने वाला समय में दूषित पर्यावरण होने के कारण सभी को बीमारी का शिकार होना पड़ेगा।ईस कार्यक्रम में संचालक लहेश प्रसाद सिन्हा, शिक्षक मुकेश कुमार, गोपाल सिन्हा, राजेश कुमार, वन प्रक्षेत्र के वनपाल मुकेश कुमार, नीतीश कुमार, जगदीश गंझू समेत कई वनकर्मी उपस्थित थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर प्रखंड के सभी पंचायत में किया गया वृक्षारोपण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत सभी 6 पंचायत में विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर बुधवार को वृक्ष लगाया गया है। पंचायत के मुखिया एवं पंचायत सचिव रोजगार सेवक व अन्य लोगों ने यह नेक कार्य किया है। तथा अपने-अपने पंचायत में इन लोगों ने कहा है। कि यदि पंचायत की सभी गांव में सौ सौ पेड़ ग्रामीण लोग लगावें। तो पर्यावरण सुरक्षित रहेगी तथा जीवन सुखमय होगा। वृक्ष की हरियाली से मनुष्य जीवन जीवित है। इसलिए वृक्ष लगाए और भविष्य को सुधारे। आज का वृक्ष कल का जीवन होगा। मौके पर पंचायत मुखिया निर्मला देवी सरिता देवी जगदीश यादव बेबी देवी सुमीरा देवी डेगन गंझु पंचायत सचिव उज्जवल कुमार सिंह दिगंबर पांडेय चितरंजन शर्मा प्रियंका प्रिया रोजगार सेवक प्रदीप कुमार सत्येंद्र कुमार निर्मल कुमार दांगी पार्वती देवी शालिनी भारती के साथ कई गांव के ग्रामीण भी जगह-जगह पर उपस्थित थे।

### मारपीट के आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत इचाक गांव निवासी बसंत सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि बसंत कुमार सिंह पर वर्ष 2023 में मारपीट करने का थाना में प्राथमिक की दर्ज था। बसंत सिंह कई महीनो से फरार चल रहा था। फरार आरोपी को बुधवार की सुबह घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### गांव में लगे जल मीनार दो लोगों ने किया अतिक्रमण गांव के लोग जल बिना परेशान



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत गांव में रघु चौक के समीप लगे सोलर आधारित जलमीनार का अतिक्रमण गांव के दो लोगो ने कर लिया है। जिससे गांव के मुहल्ले वासियो के साथ साथ आम लोगो को पेयजल को लेकर काफी दिक्कत हो रही है।इसकी जानकारी पंचायत के मुखिया सुमिरा देवी व उपमुखिया बीरेंद्र पांडेय ने दिया।बताया जाता है कि गांव के वार्ड नंबर आठ में 14वे वित्त से वर्ष 2017- 2018 में सोलर जलमीनार लगाया गया था। जिसका निजीकरण कर लिया गया है।जलमीनार में बाहर की तरफ लगे नल को भी बन्द कर दिया जाता है।जिससे गांव के तीन चार मोहल्ले के लोगो को काफी दिक्कत हो रही है।ऐसे में कई लोग अपने निजी खर्च से पेयजल की व्यवस्था भी कर लिए है।मुखिया व उपमुखिया ने लोगो की परेशानी को देखते हुए व आपसी सहमति बनाते हुए उक्त जलमीनार को वहां से हटा कर गांव के पवन दांगी के घर पास लगाने तथा रोहित दांगी के बोरिंग से कनेक्शन करने की बात कही है।

### तीसरी बार एनडीए सरकार बनने की खुशी में व्यवहार न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने मनाया जश्न



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** व्यवहार न्यायालय परिसर में बुधवार को अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर एनडीए की जीत और तीसरी बार केंद्र में एनडीए की सरकार बनने का जश्न मनाया।इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने कहा कि देश में तीसरी बार पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही हैं। जो पिछले दस सालों में कार्य नहीं हुआ। वह अगले पांच सालों में मोदी के कुशल नेतृत्व में होगा। देश के प्रगति और तेज होगी। विश्व में भारत का मान बढ़ेगा।और आने वाले समय पर झारखंड में भी भाजपा नीत एनडीए की सरकार बनेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के सोशल मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पाण्डेय, कौशल पाण्डेय, प्रदीप उपाध्याय, उज्जवल पाण्डेय, हरिओम पाण्डेय सहित दर्जनों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

### शहर में कई दिनों से जलापूर्ति बाधित

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के कई क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से जलापूर्ति बाधित है। जुबली रोड, बानपुर एवं करकट तथा लातेहार रेलवे स्टेशन डूरुवा क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से जलापूर्ति नहीं हो पा रही है।ऐसे ही स्थिती शहर के वार्ड 8, 9 एवं 10 की है। इस भीषण गर्मी में जलापूर्ति नहीं होने से हाहाकार मची हुई है।

### वन विभाग के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया



**गारु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गारु रेंज अंतर्गत मारोमार में 5 जून को वन विभाग के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसमें वन विभाग के अधिकारी एवं ग्रामीणों ने पेड़ लगाओ हरियाली लाओ का नारा लेगाते हुए प्रभात फेरी निकाली गयी। एवं जंगल को बचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर वनरक्षी विशाल कुमार सिंह, एवं धनंजय झा, अमरेश पांडे, एवं टेकर टीपीएफ सभी उपस्थित थे।

### अनियंत्रित ट्रक के धक्के से दो घायल

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-टंडवा मुख्य पथ पर मंगलवार की देर रात एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कार्तिक उरांव 20 वर्ष पिता सर्जुन उरांव, विनोद उरांव 18 वर्ष पिता चामू उरांव ग्राम सिमरटांड, बड़गांव थाना टंडवा निवासी अपने घर से अपने रिश्तेदार के यहां बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालू गांव जा रहे थे। इसी दौरान बालूमाथ से मगध कोलियरी की ओर जा रहे एक ट्रक ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दी ।जिससे सभी घायल हो गए ।घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जिनका प्राथमिक उपचार डॉक्टर संजय सिद्धार्थ के द्वारा किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल कार्तिक उरांव को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### ऑल्टो कार और बाइक सवार में हुए आमने-सामने टक्कर तीन घायल, एक रिम्स रेफर

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित पांकी मोड़ के समीप बुधवार को एक ऑल्टो कार और मोटरसाइकिल सवार में आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। जिससे मोटरसाइकिल में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंटू भगत 15 वर्ष पिता जलेंद्र भगत, आशीष भगत 18 वर्ष पिता मंगलदेव भगत,काली भगत 16 वर्ष पिता सुखदेव भगत तीनों ग्राम रोन्हे,गोनिया थाना बरियातू निवासी चंदवा में एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पांकी मोड़ के समीप चतरा की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित ऑल्टो कार से आमने-सामने टक्कर हो गयी ।जिससे सभी घायल हो गए ।घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वही गंभीर रूप से घायल आशीष भगत को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# धनबाद मंडल में चलाया गया मेगा टिकट चेकिंग अभियान

## 11 लाख 64 हज़ार 795 रूपए जुर्माने वसूले गए

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे धनबाद मंडल में मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत मंडल के विभिन्न खण्डों के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग की गई। यह मेगा टिकट चेकिंग अभियान दिन-रात चलाया गया। इस जांच अभियान में कुल 2016 यात्रियों को पकड़ा गया



जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। इस दौरान उनसे 11 लाख 64 हज़ार 795 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई। चेकिंग अभियान में 169 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया। धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच की जा रही है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगी। इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है ताकि वे अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें एवं उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# हिंद होटल महुदा मे एसओजी की बड़ी कार्रवाई

## 45 बोतल बीयर एवं शराब जब्त, मैनेजर व सहयोगी को भेजा गया जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** धनबाद जिले के बाघमारा प्रखंड के महुदा स्थित एक चर्चित होटल हिंद होटल मे संचालक द्वारा वगैर लाईसेंस के ग्राहको को देशी-विदेशी शराब परोसने का अवैध धंधा चलाया जा रहा है! इस आलोक मे मंगलवार को जिला की एस ओ जी टीम ने औचक छापेमारी कर भारी मात्रा मे अवैध शराब ,बीयर एवं उन्य उत्पाद जब्त करते होटल के मैनेजर एवं सहायक कर्मी क्रमशः ब्रह्मदेव प्रसाद एवं नारायण मुखर्जी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है! बताया जाता है कि क्षेत्र के नामी-गिरामी चर्चित हिंद होटल मे चल रहे इस बड़े काले कारोबार मे संचालक द्वारा एक तरफ जहाँ उत्पाद विभाग समेत संबंधित अन्य महकमो से गठजोड़ कर धंघे को निर्वाध अंजाम दे रखा है तो वही दुसरी तरफ इस काले कारोबार से क्षेत्र के भोले-भाले लोग शराब की घूंट पी कर अपनी जिंदगी तबाह करने पर आमादा है! बताया जाता है कि अतीत का ख्याति प्राप्त चर्चित यह होटल वर्तमान मे भाड़े पर चल रहा है जिसे एक संचालक




ने अवैध शराब के काले कारोबार के साँचे मे ढालकर स्थानीय और बाहरी ग्राहक नागरिको से मानसिक और मौद्रीक दोहन कर रहे है! विभागीय सुत्रों की माने तो बीते वर्ष 2016 से न्यायालय के निर्देश के तहत स्थानीय उक्त होटलों समेत अन्य जगहों मे वीयर-वार के लाईसेंस को अनिश्चित समय के लिये निरस्त कर रखा है वावजूद इन होटल के केबिनों मे चोबीसो घंटे पैग दर पैग जाम छलकते रहते है! इतना ही नही सुत्रों की माने तो यहाँ अंग्रेजी के असली ब्रांडो के साथ साथ कथित निकटबर्ती एवं बंगाल के क्षेत्रों से निर्मित नकली शराबे भी परोसे जाने की खबर है!

सवाल यह है कि आखिरकार क्षेत्र के नामी-गिरामी होटल मे वर्षो से शराब का यह अवैध कारोवार किनके संरक्षण मे चल रहा है ?

इस सवाल जिला उत्पाद विभाग के निरीक्षक-जय हेम्ब्रम ने अपनी सफाई देते अनभिज्ञता जाहिर की, तमाम जगहों पर लगातार छापेमारी करने की थोथी बाते भी कही परन्तू एस ओ जी की कार्रवाई पर चुप्पी साध गये! निरीक्षक हेम्ब्रम ने कहा कि उक्त होटल मे ऐसे कारोबार की सुचना मिली है,जिस पर उत्पाद विभाग निकट भविष्य मे बड़ी कार्रवाई की तैयारी मे जुटी है! इधर एस ओ जी की बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र के धंधेवाजों में हड़कप मचा हुआ है! इधर स्थानीय थाना के प्रभारी धीरज कुमार ने भी तमाम धंधेवाज होटल संचालकों को कड़ा संदेश देते होटल मे शराब की बिक्री करने पर सख्त कार्रवाई करने का बात कहा है!

## शोभा यात्रा में मारवाड़ी महिला समिति ने किया शरबत वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** छाताबाद रोड डीएवी +2 विद्यालय के निकट काली मंदिर के गोल्डन जुबली वर्ष पर बुधवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा में मारवाड़ी महिला समिति कतरास एवं सालासर मंदिर नदी किनारे के संयुक्त तत्वाधान में सालासर मंदिर के पास श्रद्धालुओं के बीच पानी, शरबत, बिस्कुट, फरूटी वितरण किया गया। मौके पर मारवाड़ी महिला समिति के अध्यक्ष ऋतु अग्रवाल, प्रियंका चौधरी, कविता अग्रवाल, राखी चौधरी, दीपा अग्रवाल आदि शामिल थे।

## ढुल्लू और अनुपमा को छोड़ सभी 23 प्रत्याशियों की जमानत जब्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो और कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को छोड़ कोई भी प्रत्याशी अपनी जमानत तक नहीं बचा पाया। सबसे खराब स्थिति यह रही कि धनबाद सीट से भाग्य आजमा रहे 25 प्रत्याशियों में से 20 उम्मीदवार नोटा में पड़े मतों से भी शिकस्त खा गए। चुनाव में पड़े 14 लाख 28 हजार वोटों में से 7354 से अधिक वोट नोटा में पड़े जबकि पिछले साल 4303 वोट ही नोटा में पड़े थे। वहीं लोकसभा चुनाव में धनबाद सीट के 23 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई। सामान्य प्रत्याशियों के लिए जमानत राशि 25 हजार व आरक्षित श्रेणी के प्रत्याशियों के लिए 12.5 हजार रुपये जमानत की राशि निर्धारित थी।

## झरिया सहित पूरे कोयलांचल के पर्यावरण पर चिंता विदेश में भी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद कोयलांचल स्थित झरिया सहित अन्य इलाकों में पर्यावरण की चिंताजनक स्थिति की चर्चा अब विदेश में भी होने लगी है। भारतीय पत्रकार प्रीति पूजा की पहल पर भारतीय संस्था प्राइम कम्युनिकेशन मीडिया के साथ लंदन की संस्था इंडियन इंस्पायरिंग वूमेन ने भारतीय मूल के नागरिकों द्वारा प्रदूषण मुक्त विश्व विषय पर विचार विमर्श किया। यह आयोजन 2 जून को स्ट्रीट 21, हाउस्लो, हाई स्ट्रीट, लंदन में आयोजित था। इसमें झरिया कोयलांचल में व्याप्त प्रदूषण की समस्या पर भारत सरकार को पत्र लिखे जाने का निर्णय लिया गया। आगामी 5 जून 2024 पर्यावरण दिवस से 5 जून 2025 तक विश्व पर्यावरण समस्या पर एक वर्षीय अभियान चलाने का निर्णय लिया गया, जिसके तहत विश्व के अनेक देशों में ग्लोबल गार्डन की स्थापना




तथा वैश्विक स्तर पर पर्यावरण जागरण के प्रति ग्रीन एनवायरमेंट - हेल्दी एनवायरमेंट अभियान करने का प्रस्ताव पारित किया गया। क्रियान्वयन के लिए एक कमेटी गठित की गई। जिंदगी तथा वाइब्रेट कलर्स पत्रिका द्वारा थीम पोस्टर प्रस्तुत किया गया। क्रियान्वयन के लिए एक कमेटी गठित की गई। आयोजन में मुख्य रूप से प्रीति पूजा, काउंसलर एलेन जोसेफ, राजस्थान चैरिटेबल ट्रस्ट लंदन के संस्थापक सुरजीत सिंह ढोका, इंडियन आर्ट एवं कल्चर की प्रमोटर गीता जोशी, मेंटल अवेयरनेस की संस्थापक नीलम चावला, ब्रिटिश - एशियाई इवेंट की संस्थापक साक्षी विश्वास, आईटी विशेषज्ञ आशीष शर्मा, ड्रोलेज संस्था के संस्थापक सोनिया डी सलूजा, सोशल एक्टिविस्ट कुलवंत पूरी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर गोविंदपुर एरिया में किया गया वृक्षारोपण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया में वृक्षारोपण किया गया। महाप्रबंधक जीसी साहा ने क्षेत्रीय कार्यालय में नवनिर्मित वाटिका का उद्घाटन किया। महाप्रबंधक जीसी साहा ने इस वर्ष की थीम पर प्रकाश डालते हुए कहा क्षेत्र में वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्य किया गया है। कुल 35 हेक्टेयर क्षेत्र तथा 2516 गेबियन विभिन्न मार्गो के समीप किया गया है। उन्होंने सभी से अपील की कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए कदम उठाना चाहिए। मौके पर अवर महाप्रबंधक जे के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक अमित महतो, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक संजय साव, अभय कुमार, शशि रंजन आदि उपस्थित थे।

## निर्वाची पदाधिकारी ने विजयी प्रत्याशी को सौंपा प्रमाण पत्र



**धनबाद :** 07 धनबाद लोकसभा क्षेत्र में विजय प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी के ढुल्लू महतो को निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने प्रमाण पत्र सौंपा। वहीं ढुल्लू महतो ने कहा की ये राजतंत्र पर लोकतंत्र की जीत है, परिवारवाद को देवतुल्य जनता ने नकार दिया है। कहा की मजदुर, गरीब, किसान, पिछड़ा, दलित, शोषित, पीड़ित विरोधियों की साजिश नाकाम हो चुकी है। कहा कि यह जीत धनबाद संसदीय क्षेत्र के देवतुल्य जनता की जीत है। मौके पर ढुल्लू महतो के बड़े भाई शत्रुघन महतो उर्फ शरद दा समेत अन्य मौजुद थे।

## रिसोर्स सेंटर के प्रांगण में आम का पौधा लगाकर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**धनबाद :** विश्व पर्यावरण दिवस पर झरिया रिसोर्स सेंटर के प्रांगण में बीआरसी के अधिकारी, कर्मियों एवं बच्चों ने बुधवार को आम का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। बच्चों ने प्रांगण में कई पौधे लगाए। मौके पर लीला कुमारी उपाध्याय ने कहा कि पर्यावरण दूषित होने से बच्चों के भविष्य खतरे में है। सभी चारदीवारी वाले विद्यालय में फलदार एवम् छायादार वृक्ष लगाए जायेंगे। सभी विद्यालय में बाल सांसद के पर्यावरण मंत्री को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए जल्द ही गैर सरकारी संस्था के साथ पर्यावरण जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। लीला ने कहा कि जलवायु परिवर्तन को रोकने हेतु वृहत पैमाने पर पौधा लगाने की आवश्यकता है। मौके पर शिवबालक पासवान, बीपीओ सुनील सिंह, श्यामाकांत झा, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ मनोज सिंह, रिसोर्स शिक्षक अखलाक अहमद, अजय पाल, विजय तिर्की, कृष्णा पांडेय, ब्रजेश पांडेय, अलमास, आलिया, अजफ़र, तजमूल, तलबिया, अयान, अब्दुल हक अर्सी, हुजैफा आदि ने पौधे लगाए।

## भुइयाँ टोली में मोटरसाइकिल चोरी करते हुए एक युवक पकड़ाया

**गिरिडीह :** गिरिडीह बस स्टैंड स्थित भुइयाँ टोली मे बुधवार सुबह एक युवक मोटरसाइकिल चोरी करते हुए पकड़ा गया। जिसके बाद इन्हें टाउन थाना पुलिस को सौप दिया गया। बताया गया कि नगर थाना क्षेत्र के भुईयाँ टोला निवासी अमित सिंह अपने अपाची बाइक को सुबह अपने घर के बाहर खड़ा कर के घर के अंदर गया और कुछ देर बाद जब बाइक का मालिक घर से बाहर निकला तो देखा कि एक चोर उनकी बाइक का लॉक तोड़ने का प्रयास कर रहा है। जिसके बाद उन्होंने चोर को पकड़ लिया और हल्ला करना शुरू कर दिया।

## ग्रुप लोन कर्मियों की प्रताड़ना से तंग होकर युवक ने की आत्महत्या की कोशिश

**गिरिडीह :** नगर थाना क्षेत्र के कोलडीहा निवासी मो. रिजवान ने ग्रुप लोन कर्मी से परेशान होकर चूहे मारने वाली दवा खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। बुधवार को सदर अस्पताल के आईसीयू में इसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि मोहम्मद रिजवान महिला समूह वेदिका ओर जागरण समूह से लोन लिया हुआ है। बताया गया की जागरण और वेदिका में मंथली किस्त जाता है। इस मंथ में पैसे नहीं रहने के कारण समय पर किस्त नही जमा कर सका और ग्रुप वाले फाइन कर दिया साथ ही बहुत ट्रोचर किया । किस्त भरने की तिथि पार होने के बाद मंगलवार रात समूह के कर्मी घर के दरवाजे पर बैठे रहे। इस दौरान वह कर्मी मोहल्ले वालों के सामने मोहम्मद रिजवान को काफी भला बुरा सुनाया। इसी से तंग आकर रिज़वान ने चूहे मारने वाली दवा खा लिया। जिससे तुरंत इसकी स्थिति बिगड़ने लगी। इसे देख आस पास के लोग इसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां आइसीयू में इलाज चल रहा है ।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक ने वृक्षारोपण किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज दिनांक 05.06.2024 को महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश की अध्यक्षता में हाजीपुर मुख्यालय में एक पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया । इसमें कचरा प्रबंधन, ऊर्जा संरक्षण, भू-संरक्षण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण एवं अन्य पर्यावरण संरक्षण एवं 2024-25 के लिए वृहत कार्य योजना पर चर्चा की गयी । महाप्रबंधक द्वारा चर्चा के दौरान शून्य कार्बन उत्सर्जित भवन के निर्माण एवं खाली जगहों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया । संगोष्ठी के दौरान महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश द्वारा पर्यावरण के संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गयी । संगोष्ठी के उपरांत महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के अन्य विभागाध्यक्षों द्वारा भी वृक्षारोपण



किया गया । विदित हो कि संयुक्त राष्ट्र संघ के तत्वाधान में पर्यावरण संरक्षण विषय पर स्टॉकहोम में सन् 1972 में 05 से 16 जून तक एक सम्मेलन का आयोजन किया गया था । उसी के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 05 जून को ''अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस'' मनाया जाता है। इस वर्ष पर्यावरण दिवस की थीम ''भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता' (Land restoration, desertification and drought resilience) है । पर्यावरण संरक्षण में रेलवे का योगदान अति महत्वपूर्ण है । भारतीय रेल दुनिया में सबसे बड़ा हरित रेलवे बनने के लिए मिशन मोड में काम कर रहा है । इसी कड़ी में पूर्व मध्य रेल द्वारा व्यापक पैमाने पर रेल विद्युतीकरण, ट्रेनों का मेमू रेक में परिवर्तन, एचओजी, बॉयो टॉयलेट, उर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं वृक्षारोपण आदि की दिशा में काफी कार्यो का निष्पादन किया गया है । इसके साथ ही पूर्व मध्य रेल के कई प्रमुख स्टेशनों पर वाटर रीसाइक्लिंग प्लांट लगाया गया है । पूर्व मध्य रेल भारतीय रेल की प्रथम क्षेत्रीय रेल है जिसने अपने सभी कोचों में शत-प्रतिशत बॉयो टॉयलेट्स लगा दिये हैं एवं एल.एच.बी.कोचों से परिचालित होने वाली शत-प्रतिशत ट्रेनों में हेड ऑन जेनरेशन सिस्टम (HOG) लगा दिया है । उर्जा संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करते हुए पूर्व मध्य रेल द्वारा अपने कार्यालय भवनों एवं स्टेशनों पर सौर उर्जा के पैनल लगाए गए हैं ।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर देवरी थाना प्रभारी ने थाना परिसर में किया पौधारोपण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** विधानसभा के देवरी थाना परिसर मे बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर देवरी थाना प्रभारी सोनू कुमार साहू के नेतृत्व में थाना परिसर में दर्जनों पौधा रोपण किया गया। उक्त दौरान थाना प्रभारी सोनू कुमार साहू ने कहा पर्यावरण है तो हम हैं पेड़ ही जीवन है। पेड़ पौधों के बिना जीवन की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है। यदि पेड़ पौधे ना हो तो हम सब सांस नहीं ले सकते हैं इसलिए जीवन के लिए हम सब को संकल्प लेना चाहिए और वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाते रहना चाहिए। बता दे कि लगातार बढ़ते गर्मी का मुख्य कारण है कि लगातार जंगलों का समाप्त होना और पेड़ों की कटाई है। आज जिस तरह से जंगल समाप्त हो रहे हैं वो चिंता का कारण है। ऐसे में थाना प्रभारी द्वारा किए गए वृक्षारोपण कार्यक्रम सराहनीय है।

## गिरिडीह पुलिस ने कार से 26 पेटी अंग्रेजी शराब किया बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह पुलिस ने शराब ले जा रहे एक वाहन को खदेड़ कर पकड़ा है। कार में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब को लेकर बिहार ले जाया जा रहा था। जिसे जमुआ, देवरी, धनवार, हीरोडीह और बिहार के चकाई थाना पुलिस के सहयोग से फिल्मी स्टाइल में भगा कर पकड़ा गया। पकड़े जाने के बाद कार से 26 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। दरअसल जमुआ पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी।सूचना के उपरांत पुलिस अलर्ट मोड़ में आई मगर तब तक कार चालक वाहन को लेकर फरार हो गया। जिसके बाद चकाई थाना पुलिस को अलर्ट किया गया। चकाई पुलिस को अलर्ट देख वाहन चालक वापस देवरी की तरफ मुड़ गया। इधर देवरी पुलिस ने सरोन मोड़ के पास बैरियर लगा कर वाहन को रोकना चाहा मगर चालक ने तेज रफ्तार के साथ बैरियर को तोड़ते हुए आगे निकल गया।इस घटना के बाद जमुआ, धनवार और हीरोडीह पुलिस फुल अलर्ट मोड़ में आ गई और भाग रहे वाहन को खदेड़ा गया। पुलिस टीम ने कार का पीछा करते हुए धनवार थाना अंतर्गत पकड़ा। कार को पकड़े जाने के बाद जब तलाशी ली गई तो उसमें 26 पेटी अंग्रेजी शराब पाया गया। पुलिस टीम कार समेत शराब को विधिवत जब्त किया और थाना लाया गया। बताया गया कि इस मामले में धनवार थाना में केस दर्ज कर आगे की कारवाई की गई।

## नीट में राहुल ने 614 अंक के साथ 97% से पाई सफलता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** नीट की परीक्षा में धनबाद के रायगंज तेली टोला निवासी तपन चंद्र गोलाई के पुत्र राहुल कुमार गोराई ने 614 अंक अर्थात 97 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक लाने की सफलता पाई है। राहुल गोराई दलूडीह स्थित बर्ड्स गार्डन स्कूल रायगंज का मेधावी छात्र था। इनका उद्देश्य है कि वह भविष्य में एक अच्छा चिकित्सक बनकर राष्ट्र की सेवा करें। इस क्षेत्र में बेहतर सफलता इन्होंने प्राप्त की है। स्कूल के प्राचार्य प्रमोद कुमार अध्यक्ष ए के पाल एवं अन्य शिक्षक गण ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। राहुल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों एवं अपने परिवार के सदस्यों को दी है। निश्चित रूप से उनकी सफलता से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरा क्षेत्र उत्साहित है।

## दस हजार पौधे लगाने के मिशन में जुटा सशस्त्र सीमा बल




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 35वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल गिरिडीह के प्रांगण में तथा इस वाहिनी की सभी समवायों के कार्यक्षेत्र मे पौधारोपण अभियान चलाया गया। यह अभियान मनोरंजन कुमार पाण्डेय कमांडेंट 35वीं वाहिनी के नेतृत्व में चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वितीय कमान अधिकारी रमेश कुमार व मुख्य अतिथि महेश लुंडी के मुखिया शिवनाथ साव ने वाहिनी परिसर में पौधारोपण कर किया। इसी क्रम में 35वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के सभी समवाय ने पौधारोपण अभियान चलाया जिसमें वाहिनी तथा सभी समवाय ने लगभग 600 पौधे लगाए।इसके साथ ही आज से वृहद पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। विदित हो कि इस वाहिनी को वर्ष 2024 के दौरान गृह मंत्रालय भारत सरकार ने कुल 10000 पौधों को रोपित करने का लक्ष्य दिया गया है।

कार्यालय : जिला परिषद, चतरा
(Mail Id- db-chatra@jharkhandmail.gov.in)
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

– सूचना –

चतरा जिला परिषद क्षेत्राधीन सिमरिया प्रखण्ड अन्तर्गत अस्पताल परिसर चतरा रोड, अस्पताल परिसर हजारीबाग रोड, अस्पताल परिसर चौक पर, निरीक्षण भवन परिसर हजारीबाग रोड, निरीक्षण भवन परिसर टण्डवा रोड, बेसिक स्कुल परिसर सिमरिया में आवंटित दुकान के वैसे लाभुक जो निर्मित दुकान (एकरारनामा में वर्णित क्षेत्रफल) के अतिरिक्त (दुकान के सामने) अतिक्रमित किये हैं वैसे लाभुक को सूचित किया जाता है कि एक सप्ताह के अन्दर अतिक्रमण हटा लें।

उक्त निर्धारित अवधी के अन्दर अतिक्रमण मुक्त नहीं होने की स्थिति में बाध्य होकर किसी भी दिन अतिक्रमण को हटाते हुए संबंधित के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, चतरा

PR 325295 District(24-25)#D

# सांसद सुखदेव भगत ने मुड़मो जतरा खुंटा शक्ति स्थल पर मत्था टेककर शांति, भाईचारगी की कामना की

## मानसून सत्र में सुखदेव भगत सरना धर्मकोड के मामला को संसद में प्रमुखता से रखेंगे





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा क्षेत्र से सुखदेव भगत प्रचंड बहुमत से चुनाव जीतकर सांसद बने। सांसद बनने के उपरांत सबसे पहले सुखदेव भगत आज मुड़मा पहुंचकर वहां पर स्थित जतरा खुंटा शक्ति स्थल पर मत्था टेककर क्षेत्र में शांति,समरसता और भाईचारा की कायम रहने के लिए प्रार्थना किये। इससे पूर्व लेदा पाहन के द्वारा विधिवत पूजा पाठ संपन्न कराया गया। पूजा संपन्न होने के उपरांत ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति मुड़मा के द्वारा नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर सुखदेव भगत ने सबसे पहले उपस्थित जतरा समिति के सभी लोगों का उनका अभिनंदन करने एवं चुनाव में पूरा सहयोग देने के लिए आभार प्रकट किये। सुखदेव भगत ने कहा कि चुनाव में आदिवासी समाज के लोगों का भरपूर सहयोग मिला है। आदिवासी समाज के उत्थान के लिए वह पूरा काम करेंगे। लाखों की संख्या में सरना धर्म के मानने वाले लोग हैं। आदिवासियों की प्राकृतिक आस्था, पूजा पद्धति और विशिष्ट रीति रिवाज के संरक्षण हेतु जनगणना कॉलम में सरना धर्म कोड को शामिल करने की मांग को आने वाले मानसून सत्र में संसद में प्रमुखता से रखेंगे। मौके पर सीताराम भगत, कमले किस्पोट्टा रंथू उरांव, अनिल उरांव, लच्छू उरांव, वीरेंद्र उरांव, सुमित उरांव, सुका उरांव, सुशील उरांव, सुमित्रा उरांव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष ने सुदूरवर्ती इलाके के हॉकी खिलाड़ियों के साथ मनाया अपना जन्म दिन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** अपना जन्म दिन हो या कोई त्योहार हमेशा नन्हे खिलाड़ियों के साथ मिलकर इस उत्सव को मनाने वाले हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने इस वर्ष भी अपने जन्म दिवस जिला मुख्यालय से 40 किलो मीटर दूर सुदूरवर्ती इलाका कुरकुरा में संचालित आत्म निर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र कुरकुरा के हॉकी खिलाड़ियों के साथ मिलकर मनाया और हॉकी खिलाड़ियों के साथ मिलकर जन्म दिन का केक काटा। इस अवसर पर बालक बालिकाओं का एक मैत्री हॉकी मैच का भी आयोजन किया गया। अहले सुबह अपने गांव के मैदान में हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोणबेगी को देखकर स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधि भी मैदान पहुंच गए। उपस्थित खिलाड़ियों को हॉकी प्रशिक्षण के कुछ तकनीकी बारीकी बतलाने के बाद एक मैत्री मैच का आयोजन किया गया एवम मैच के समापन के उपरांत खिलाड़ियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में सामूहिक रूप से केक काटा गया। उपस्थित खिलाड़ियों की ओर से माला पहनाकर और बुके देकर स्वागत किया गया। उपस्थित खिलाड़ियों और ग्रामीणों से बैठक कर हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष महोदय ने कहा कि सिर्फ एक वर्ष में हो आपके बच्चो के खेल में काफी निखार आया है इसी तरह रोज बच्चो को प्रशिक्षण के लिए भेजे आने वाला दिन आप्लोगो का होगा। मेरा आपसे सभी से अपील है अपने बच्चो को मोबाइल, नशा और कुसंगती से दूर रखे उन्हे हॉकी के मैदान भेजे हॉकी से करियर और शारीरिक दोनो का विकास होगा।

# सांसद सुखदेव भगत के आवास में लग रहा बधाई देने का तांता



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा से चुनाव जीतने के बाद सांसद सुखदेव भगत के आवास में आज बधाई देने का तांता लग रहा। सभी समाज सभी वर्गों के लोग सांसद से मिलकर उन्हें प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करने के लिए बधाई दिए। मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करने के बाद उनकी जिम्मेवारी भी बढ़ी हो गई है। लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होता है। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने का जिम्मेदारी जनता ने उसे जो दिया है उसे वह भली भांति पूरा करेंगे।

# रामपुर मेधा डेयरी ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण दिवस मनाया गया। मौके पर उपस्थित लोहरदगा डेहरी इंचार्ज गुलरेज इकबाल ने कहा कि पर्यावरण के बिना हमारा जीवन अधूरा है इसे बचाकर एवं संजोग कर रखना हमारा पहला कर्तव्य होना चाहिए। इस दौरान सदर प्रखंड स्थित रामपुर में मेधा डायरी बीएमसी के समीप पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्ष लगाए गए। इस मौके पर मेधा डेयरी लोहरदगा के इनचार्ज गुलरेज इकबाल और रूट सुपरवाइजर अब्दुल रहीम, श्रवण कुमार, वीरेश्वर रॉय, रामपुर बीएमसी ऑपरेटर रेयाज अंसारी, दूध मित्रा अबू तल्हा अंसारी, जुबेर, मोईन, फूलमनी, शोएब, बुधमनिया, सरफराज अंसारी, राबानी जमाल के साथ अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# अविराम में विश्व पर्यावरण दिवस पर वेबिनार का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको, कुरू लोहरदगा के आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चितता प्रकोष्ठ द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वेबिनार का आयोजन त्वरित भूमि बहाली, सूखा लचीलापन और मरुस्थलीकरण प्रगति विषय पर कराया गया। मुख्य संरक्षक सचिव इंद्रजीत कुमार, आयोजन सचिव डॉ प्रतिमा त्रिपाठी तथा कार्यक्रम संचालन का कुंदन गिद्ध, तकनीकी सहायता अजॉय, पवन, नीरज द्वारा दी है। मुख्य वक्ता और मुख्य अतिथि के रूप में डॉ उर्वशी जो वर्तमान में रांची विमेंस कॉलेज में हिंदी संकाय की असिस्टेंट प्रोफेसर और राष्ट्रीय सेवा योजना की पदाधिकारी ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में कामायनी और छायावादी कृतियो में वर्णित प्रकृति प्रेम और उसे विध्वंश करने वाली उपभोगी विनाशक प्रवृत्ति पर प्रकाश डाला गया, अतिसंग्रहण के कारण आज का मनुष्य स्वयं जिसका अस्तित्व प्रकृति पर है उसका ही विनाश करने को आतुर है। रूसो, रास्किन, महात्मा गांधी ने मानव सभ्यता की विध्वसंक विस्तारवादी प्रवृत्ति को विनाश कारक बताया है, 1972 में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा कदम उठाते हुए पर्यावरण दिवस के रूप में आज के दिन को मानने का निर्णय किया गया, बंजर भूमि को उपजाऊ बना कर एक बड़ी आबादी को स्वच्छ पर्यावरण और भोजन उपलब्ध कराया जा सकता है। कार्यक्रम में गूगल फॉर्म द्वारा निशुल्क पंजीयन और फीडबैक के पश्चात निशुल्क प्रमाण पत्र वरदान किया जायेगा ऑनलाइन लभग सौ प्रतिभागी जुड़े। कार्यक्रम का समापन कुंदन गिद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर किया गया।

# पर्यावरण दिवस के अवसर पर पीडीजे, डीसी और एसपी ने किया वृक्षारोपण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज लोहरदगा जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अरविंद कुमार पांडेय, उपायुक्त सह डालसा उपाध्यक्ष डॉ. बाघमारे प्रसाद कृष्ण,पुलिस अधीक्षक सह सदस्य डालसा हाशिम बिन जमा, डालसा सचिव राजेश कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित कुमार गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार एवं अन्य ने आज मंडल कारा लोहरदगा में वृक्षारोपण किया। वन विभाग के सहयोग से चलाए गए इस वृक्षारोपण महोत्सव में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, सिविल कोर्ट के कर्मी, डालसा के पीएलबी ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। आज लोहरदगा जेल प्रांगण, सिविल कोर्ट प्रांगण, अधिवक्ता बार भवन, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के सरकारी आवास, एवं जज कॉलोनी में विभिन्न तरह के पौधों का रोपण किया गया। समस्त कार्यक्रम में पीडीजे अरविंद कुमार पांडेय स्वयं उपस्थित रहे। और सही से वृक्षारोपण करने को लेकर आवश्यक निर्देश देते रहे। आज के कार्यक्रम में फलदार वृक्ष आम, महोगनी, शरीफा, लीची, कटहल, आमला, पीपल सहित लगभग 100 पौधों का रोपण किया गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने जानकारी दी की कुछ समय तक पानी देने के पश्चात यह वृक्ष सदा हरे भरे रहेंगे। आसपास के पर्यावरण को शुद्ध करते रहेंगे। डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डालसा ने वन प्रमंडल पदाधिकारी एवं जेल प्रशासन के साथ मिलकर पौधारोपण का यह कार्यक्रम चलाया था। पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्ष लगाने से ज्यादा महत्वपूर्ण संदेश कुछ हो नहीं सकता।

# टीबी बीमारी कोरोना के जैसा घातक व महामारी है समय पर इलाज होने पर बचाव सम्भव है : वेदांत शंकर



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र सेन्हा में जिला यक्ष्मा केंद्र के निर्देश पर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित कर यक्ष्मा रोगियों के बीच निश्चय पोषण किट वितरण किया गया। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रशिक्षु एस पी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर द्वारा प्रखंड क्षेत्र के दो यक्ष्मा रोगियों संदीपा कुमारी और श्री उराँव को गोद लिया गया। तथा एक्स रे टेक्नीशियन अखलाक अहमद प्रयोगशाला प्रौद्योगिक अनूप भगत व बिपिन विश्वकर्मा द्वारा एक एक मरीजो को गोद लिया गया। वही प्रशिक्षु एस पी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 2025 तक देश को टीबी मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही बताया कि देश मे प्रत्येक वर्ष देश मे 25 लाख टीबी के नये मरीज पाये जाते हैं। जिसे लगभग पाँच से छः लाख लोगों की मृत्यु टीबी बीमारी से होती है.जिस तरह कोरोना एक घातक व महामारी है। उसी तरह टीबी भी एक घातक महामारी बीमारी है। जिसे समय पर इलाज होने से बचाव सम्भव है। मौके पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. दीनानाथ सिंह, जिला यक्ष्मा कार्यक्रम पदाधिकारी अनुराग सिंह, अनुज शर्मा, आदर्श केशरी, नसीम अहमद, सतीश यादव सहित अन्य चिकित्सा कर्मी उपस्थित थे।

# न्यायालय के आदेश का उलंघन मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फैमली कोर्ट के आदेश का उलंघन कर लम्बे समय से फरार आरोपी को गुमला न्यायालय के आदेश पर सेन्हा पुलिस कारवाई करते हुए आरोपी वारंटी को डांडू ग्राम स्थित घर से गिरफ्तार कर भेजा जेल। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी डांडू निवासी रबुल अंसारी के पुत्र मोहम्मद मोजाहिद अंसारी का परिवारिक विवाद के बाद वर्ष 2019 में पत्नी ने गुमला फैमली कोर्ट में पति मोहम्मद मोजाहिद अंसारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाते न्यायालय से न्याय का गुहार लगया गया था। महिला उत्पीड़न एवं मानसिक तनाव मामला को संज्ञान में लेते हुए फैमली कोर्ट द्वारा मेमो संख्या 43/19 दर्ज कर नामजद पति के विरुद्ध कारवाई किया गया था। और फैमली कोर्ट ने पति पत्नी के दलीलों को गहन पूर्वक अमल करते हुए पत्नी के जीविकोपार्जन हेतु महीना का खर्च मोहम्मद मोजाहिद अंसारी को देने का निर्देश दिया गया था। परंतु न्यायालय के आदेश का उलंघन करते हुए आदेश के उपरांत पत्नी को महीना जीविकोपार्जन खर्च नही दिया जा रहा था। और पुलिस से छुपता फिर रहा था। लेकिन न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आलोक में सेन्हा पुलिस गुप्त सूचना पर आरोपी को डांडू स्थित घर से गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया।

# भौंरो पंचायत में विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर किया गया पौधारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड के उदरंगी व भौंरो पंचायत में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को लेकर संकल्प लिया। इस दौरान उदरंगी व भौंरो के मुखिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कटहल, पीपल, बरगद के 20-20 पौधे लगाएं। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को लेकर संकल्प लिया। मौके पर उदरंगी पंचायत मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति हम सभी को अपने कर्तव्य को समझना होगा। तेजी से प्रदूषित हो रहे वातावरण का प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इस बार पड़ रही बेतहासा गर्मी से पूरा देश परेशान है। इस बेतहासा गर्मी के कारक भी हम ही है। तेजी से पेड़ो की कटाई हो रही है, परंतु लोग आज भी पेड़ो की कटाई की रोकथाम के लिए सजग नहीं है, और ना ही पौधारोपण के प्रति अपने कर्तव्य को समझ रहे है। हम सभी को पौधारोपण व पेड़ो की कटाई की रोकथाम के लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। भौंरो पंचायत मुखिया सुमंती तिग्गा ने कहा कि पर्यवारण संरक्षण को लेकर हम सभी लोगों को अपने परिवार व पूर्वजों के नाम पर एक-एक पौधा जरुर लगाना चाहिए। इससे पर्यवारण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

# पर्यावरण हमारे जीने का आधार है इसकी रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य : संजय सर्राफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन एवं पवित्रम सेवा परिवार के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि विश्व पर्यावरण दिवस हर वर्ष 5 जून को मनाया जाता है। पर्यावरण हमारे जीने का मुख्य आधार है तथा इसका संरक्षण हम सभी का परम कर्तव्य है पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है जिसमें हम रहते हैं इसमें हमारे चारों ओर के सभी जीवित और निर्जीव तत्व शामिल होते हैं जैसे की हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे,जानवर और अन्य जीव-जंतु है पर्यावरण के घटक परस्पर एक दूसरे के साथ जुड़कर एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं। हालांकि प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और मानव जीवन शैली के लिए उनके गलत उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है दूषित पर्यावरण इन घटकों को प्रभावित करता है जो जीवन जीने के लिए आवश्यक है ऐसे में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने प्रकृति और पर्यावरण का महत्व समझाने के उद्देश्य से हर साल विश्व पर्यावरण दिवस मनाते हैं। इस दिवस को मनाने के पीछे का उद्देश्य पूरी दुनिया के लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। इस संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय दिवस में 150 से अधिक देशों के लोग भाग लेते हैं। स्वच्छ वातावरण और सुरक्षित पृथ्वी बनाने के लिए तरह-तरह के जागरुकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं और लोगों को पर्यावरण का महत्व समझाया जाता है। इस मौके पर प्रदूषण से लेकर कई ऐसे विषयों पर चर्चा की जाती हैं जो कि पर्यावरण के लिए हानिकारक है।

# मिठाई का डब्बा लेकर गांव की ओर निकले विधायक भूषण बाड़ा

## आम जनता के साथ मनाया जीत का जश्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा अपनी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा के साथ बुधवार की अहले सुबह से ही मिठाई का डब्बा लेकर गांव की ओर निकले हैं। सबसे पहले विधायक ने प्रिंस चौक में ग्रामीणों को मिठाई खिलाकर खूंटी लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को मिले एकतरफा जीत की बधाई दी। साथ ही सभी के प्रति आभार भी जताया। विधायक ने कहा कि इस जीत का श्रेय हमारी जनता एवं पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ता को जाता है। जनता के प्यार और समर्थन के कारण ही इंडिया गठबंधन को एक तरफा जीत मिली है। ऐसे में सबसे पहले जीत का जश्न मनाने, मिठाई खाने का अधिकार जनता और इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता को ही है। विधायक ने कहा कि जनता ने जो प्यार और समर्थन दिया है उसके लिए हम ऋणी है। यह ऋण जनता की सेवा कर, उनकी हर छोटी बड़ी समस्याओं का समाधान कर, क्षेत्र का विकास कर के चुकाया जाएगा। वहीं जोसिमा खाखा ने मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए कहा कि यह जीत हमारी जनता के प्यार और आशीर्वाद का नतीजा है। यह जीत लोकतंत्र की जीत है। यह जीत संविधान बचाने की जीत है।

# रोहिणी नक्षत्र में धृति योग, बुद्धादित्य योग, गजकेशरी योग, व लक्ष्मी योग में होगा वट सावित्री का पूजन : रामाधार पाठक

## रोहिणी नक्षत्र में वटसावित्री का पूजन होने से महिलाओ के लिए होगा विशेष फलदायी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सूर्योदय के अनुसार साल 2024 में वट सावित्री व्रत 6 जून ज्येष्ठ अमावस्या को होगा। इस दिन महिलाएं अपने पति के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र के लिए इस व्रत को करती हैं। ज्योतिष शास्त्र विश्लेषक रामाधार पाठक न बताया कि धार्मिक शास्त्रों के अनुसार साल 2024 में होने वाला वट सावित्री व्रत रोहिणी नक्षत्र में होगा। धर्म ग्रंथों के अनुसार रोहिणी नक्षत्र बहुत ही शुभ माना गया है। श्री पाठक ने बताया कि रोहिणी नक्षत्र में ही भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ था और इस नक्षत्र में होने वाला कोई भी शुभ कार्य व्यक्ति को कई गुना फल देता है। धार्मिक ग्रंथों में रोहिणी नक्षत्र को बहुत ही शुभ नक्षत्र बताया गया है।इस बार यह व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष फलदाई होगा। इसलिए इस नक्षत्र में किया हुआ कोई भी कार्य शुभ और विशेष फल देने वाला है। इस व्रत को करने से जहां महिलाओं के सुहाग का स्वास्थ्य बेहतर होगा तो वहीं उनकी उम्र भी बड़ के पेड़ के जैसे लंबी होगी। साथ ही अगर वह संतान प्राप्ति चाहती हैं तो उन्हें शीघ्र अति शीघ्र संतान की प्राप्ति भगवान श्री कृष्ण की कृपा से हो जाएगी। ज्योतिषाचार्य श्री पाठक न कह कि जब पति की लंबी आयु के लिए पूजा करने की बात आती है, तब-तब वट सावित्री व्रत का नाम लिया जाता है। यह उपवास सुहागिन महिलाओं के लिए बेहद खास होता है। मान्यता है कि इस दिन विधिनुसार पूजा अर्चना करने से पति की लंबी आयु का आशीर्वाद मिलता है। इस दौरान पूजा के सभी कार्यों को शुभ मुहूर्त के अनुसार किया जाता है। वट सावित्री पर वट वृक्ष की पूजा करना शुभ होता है, बिना इसके उपवास अधूर माना जाता है। इस दौरान वृक्ष के नीचे सावित्री और सत्यवान की प्रतिमा स्थापित जरूर करें। उनकी पूजा करने से सुहागिनों को अखंड सौभाग्यवती भव का आशीर्वाद मिलता है। पुराणों के अनुसार, वट वृक्ष के मूल में ब्रह्मा, मध्य में विष्णु व अग्रभाग में शिव का वास माना गया है। इसलिए व्रत रखने वाली महिलाओं को इन सभी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस दौरान भूलकर भी कुछ कार्यों को करने से बचना चाहिए, अन्यथा अशुभ परिणाम मिल सकते हैं और वैवाहिक जीवन में समस्या उत्पन्न हो सकती है।वटसावित्री व्रत के दिन सुहागिन महिलाओं को भूल से भी काले या फिर सफेद रंग के कपड़े नहीं पहनने चाहिए। साथ ही इस रंग की चूड़ियां भी नहीं पहननी चाहिए। इसके साथ ही यह माना गया है कि वट सावित्री व्रत के दिन सुहागिनों महिलाओं को सुहाग की सामग्री दान करने से दांपत्य जीवन सुखमय बना रहता है।इस बार वट सावित्री और शनि जयंती चार योग में होने जा रहा है। शनि जयंती पर पूजा के साथ दान का विशेष महत्व है। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग भी होगा। साथ ही चन्द्रमा उच्च राशि वृष में होंगे। रोहिणी नक्षत्र में धृति योग, बुद्धादित्य योग, गजकेशरी योग, व लक्ष्मी योग में बडमावास व शनि जयंती मनाई जाएगी। पौराणिक कथाओ के अनुसार बरगद के पेड़ पर त्रिमूर्ति ब्रह्मा, विष्णु और शिव का वास माना जाता है साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी बरगद का बहुत बड़ा योगदान है।

# अच्छाई को अपनाकर ही गांव समाज को बना सकते हैं खुशहाल : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पाकरटाड़ प्रखंड के पंचायत सिकरियाटाड़ के सैंडीह गांव में संत बोनीफास चर्च का 39वीं वर्षगाठ भक्तिभाव के साथ मनाया गया। मौके पर फा सिलाबनुश केरकेट्टा की अगुवाई में मिस्सा पूजा सम्पन्न हुई। फा सिलाबनुश का सहयोग फादर गाब्रियेल डुंगडुंग, फादर एग्नासियूस मिंज, फादर फ्रांसिस मिंज ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी शामिल हुई। विधायक ने कहा कि परमपिता परमेश्वर की कृपा से आज यह ऐतिहासिक दिन हम सभी को एक साथ खुशियां मनाने का अवसर मिला है। हम सभी ऐसे आपस प्रेम भाव का संचार करें। आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ रहें। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि परमेश्वर की कृपा सभी पर बरसता रहे। हर किसी के चेहरे में मुस्कान हो। क्षेत्र में अमन, चैन और खुशहाली आये। उन्होंने कहा कि हमे अपने जीवन से बुरी आदतों को त्याग करने की जरूरत है। अच्छाई के मार्गो को अपनाकर ही हम, हमारा समाज और देश खुशहाल बन सकता है। तरक्की आ सकती और हम सभी एक अच्छा इंसान बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने समाज से नशापान, अंधविश्वास, ईर्ष्या को दूर करना होगा। एक दूसरे का सहयोगी बनें। एक दूसरे के चेहरे में अमन, चैन और खुशहाली लाने का प्रयास करें। हम सब मिलकर अपने गांव समाज को ईश्वर का खुशहाल राज्य बना सकते हैं।

**नशापान छोड़ पढ़ने और भविष्य गढ़ने में जोर लगाएं युवा : जोसिमा खाखा**

वहीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने संगठन मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि संगठन में ही शक्ति है। हम सभी संगठित रहेंगे तो हमे अपना हक और अधिकार लेने से कोई नहीं रोक सकता है। उन्होंने युवाओं को नशापान छोड़ पढ़ाई में और अपना भविष्य निखारने में जोर लगाने की अपील की।।जोसिमा ने समाज के लोगों को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा के समाज के विकास की कल्पना अधूरी है। कार्यक्रम में सिस्टर मंजू मिंज, सिस्टर प्रफुला मिंज, विधायक प्रतिनिधि लुसियन मिंज, पंचायत अध्यक्ष जकरियाश मिंज, उर्मिला केरकेट्टा, समीर किंडो, जॉन डुंगडुंग, रिमजुश तिग्गा, जॉन मिंज, प्रचारक मटियाश एक्का, उप मुखिया तागरेन मिंज, पंचायत समिति प्रेमा मिंज, मैक्सिमा एक्का, रोहित मिंज, अनिल तिर्की, रितेश मिंज, जॉनसन मिंज, अंकित मिंज, जयंती मिंज, उदिता एक्का, निरंता लकड़ा, प्रभा मिंज,इरेनियस मिंज सहित काफी संख्या में मसीही विश्वासी और ग्रामीण शामिल थे।

# अमेठी की जनता, कांग्रेस व गांधी परिवार का आजीवन ऋणी रहूंगा : केएल शर्मा

एजेंसी

**लखनऊ** : अमेठी संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित इण्डिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने चुनाव जीतने के बाद हमारे ब्यूरो प्रमुख से दूरभाष पर वार्ता करते हुए कहा कि यह जीत हमारी नहीं यह जीत अमेठी की जनता जनार्दन सोनिया गांधी एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे हमारे नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नीतियों की है। उन्होंने कहा कि अमेठी की जनता की सेवा हम 1985-86 से कर रहा हूं। हम अमेठी के झूग्गी झोपड़ी में उन दिनों रात्रि रूकते थे और अमेठी वासियों से हमारा अटूट रिश्ता रहा है। हम उन दिनों प्रधानमंत्री राजीव गांधी के संसदीय क्षेत्र का यूथ क्वार्डिनेटर नियुक्त होकर आए थे और अमेठी संसदीय क्षेत्र के हर बूथ पर रूबरू कार्य करके आम जनमानस से दिल का रिश्ता रखते थे। इसलिए हम अमेठी के नेता नहीं अमेठी परिवार का सदस्य है। उन्होंने कहा कि हम अपने जीत का प्रमाण पत्र इसीलिए गांधी परिवार को सौंप दिया है। श्री शर्मा ने कहा कि हमारा अमेठी की जनता से चालीस वर्षों का रिश्ता है। उन दिनों हम संसदीय क्षेत्र के विधानसभा क्वार्डिनेटर नियुक्त हुआ



था हम कभी दूकानों पर कभी गरीब से गरीब व्यक्ति के घरों कभी पेट्रोल पंपो के कमरों पर निवास करते थे। बड़े निष्ठा समर्पण की भावना से राजीव गांधी के कार्यक्रमो को हर व्यक्ति तक पहुंचा कर समन्वय का काम करते थे। उसी का नतीजा है कि आज हमें अमेठी की जनमानस एवं गांधी परिवार का यह विश्वास सम्मान और सहयोग का हम सदैव कृतज्ञ रहूंगा। बताते चलें कि किशोरी लाल शर्मा पंजाब के लुधियाना जिले के मूल निवासी हैं। उन्होंने नेहरू युवा केन्द्र में जिला समन्वयक की नौकरी छोड़ कर कांग्रेस पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में सेवा कर रहे हैं। श्री शर्मा की धर्मपत्नी किरण वाला शर्मा एवं दो पुत्रियां दिव्या शर्मा एवं अंजली शर्मा है। वह एक इमानदार कार्यकर्ता के रूप में सदैव अमेठी और रायबरेली की जनता के लिए दिन रात सेवा के लिए तत्पर रहते हैं।उल्लेखनीय है कि श्री शर्मा को गांधी परिवार चुनाव के चाणक्य की उपाधि से सम्मान दिया है।

# फडणवीस ने ली महाराष्ट्र में बीजेपी की हार की जिम्मेदारी, छोड़ना चाहते हैं डिप्टी सीएम पद

एजेंसी

**मुंबई** : लोकसभा चुनाव के नतीजों में भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में बड़ा झटका लगा है. महाराष्ट्र में बीजेपी सिर्फ 9 सीट जीतने में कामयाब हो पाई, जबकि वह 28 सीटों पर चुनाव लड़ी थी. महाराष्ट्र में बीजेपी के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ली है. इसके साथ ही देवेंद्र फडणवीस ने डिप्टी सीएम पद से मुक्त करके संगठन में काम करने की अपील अपने शीर्ष नेतृत्व से की है. हालांकि शीर्ष नेतृत्व ने अभी कोई फैसला नहीं लिया है.महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में मिली हार मेरी जिम्मेदारी है, ये सेट बैक जो हुआ है उसकी जिम्मेदारी मेरी हैज् मैं इस हार की जिम्मेदारी लेता हूंज् मैं शीर्ष



नेतृत्व से अपील करूंगा कि मुझे राज्य सरकार में दी गई सरकार की जिम्मेदारी से मुक्त करेंज् मै पार्टी में संगठन के लिए पूरे तरीके से काम करना चाहता हूंज् आने वाले से विधान सभा चुनाव के लिए पूरे समय काम करूंगा.डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, 'एलमहाराष्ट्र में हमें अपेक्षित सफलता नहीं मिली, उम्मीद से काफी कम सीटें मिलीं, राज्य में हमारी लड़ाई महाविकास अघाड़ी के तीन दलों से थी, आपको कुछ हद तक नैरेटिव के ख़िलाफ़ लड़ना होगा, एक नैरेटिव बनाया गया कि संविधान बदल दिया जाएगा, हम इस अफवाह को उतना नहीं रोक पाए जितना हमें रोकना चाहिए था, संविधान बदलने की कहानी रची गई.उन्होंने महाविकास अघाड़ी को अधिक सीटें मिलने पर बधाई दी.

# ओडिशा : नवीन पटनायक ने सीएम पद से दिया इस्तीफा



एजेंसी

**भुवनेश्वर** : ओडिशा में हुए विधानसभा और लोकसभा चुनाव में नवीन पटनायक की बीजू जनता दल को काफी गहरा झटका लगा है। भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में हुए विधानसभा चुनाव में बहुमत हासिल कर लिया है। वहीं, भाजपा ने राज्य की ज्यादातर लोकसभा सीटें भी जीत ली हैं।

इस हार के बाद अब ओडिशा के मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल के प्रमुख नवीन पटनायक ने इस्तीफा दे दिया है।

उन्होंने आज भुवनेश्वर के राजभवन में राज्यपाल रघुबर दास से मुलाकात की और अपना इस्तीफा सौंपा।

### अपनी सीट भी हारे नवीन पटनायक

नवीन पटनायक बीते 24 सालों में एक भी चुनाव नहीं हारे थे। हालांकि, इस बार उन्हें अपनी विधानसभा सीट से हार झेलनी पड़ी। नवीन पटनायक ओडिशा की हिंजली और कांताबंजी सीट पर चुनाव लड़े थे।

हिंजली सीट पर उन्हें जीत मिली। लेकिन कांताबंजी सीट पर भाजपा के लक्ष्मण बेग ने उन्हें हरा दिया।

### ओडिशा में अब भाजपा की सरकार

ओडिशा में हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने बहुमत हासिल कर लिया है। विधानसभा में कुल सीटें 147 हैं और बहुमत का आंकड़ा 74 है।

राज्य में भाजपा को 78, बीजू जनता दल को 51, कांग्रेस को 14 और सीपीआईएम को 1 सीटें मिली हैं।

वहीं, 3 निर्दलीय भी चुनाव जीते हैं। भाजपा ने राज्य की 21 में से 20 लोकसभा सीट भी जीत ली है। 1 सीट कांग्रेस को मिली है।

# एमपी के लोकसभा चुनाव में नारी शक्ति का दिखा जलवा

एजेंसी

**भोपाल** : मध्य प्रदेश में हुए लोकसभा चुनाव में महिलाओं का जलवा देखने को मिला। सूबे की 29 सीटों में से छह पर महिला उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। निर्वाचित होने वाली सभी महिलाएं भारतीय जनता पार्टी की हैं। राज्य में लगभग डेढ़ दशक बाद यह अवसर आया है, जब 29 में से 6 महिलाएं लोकसभा के लिए निर्वाचित हुई हैं। इस बार भाजपा ने सागर से लता वानखेड़े, भिंड से संध्या राय, शहडोल से हिमाद्री सिंह, बालाघाट से भारती पारधी, धार से सावित्री ठाकुर और रतलाम से अनीता नागर सिंह चौहान को मैदान में उतारा था। इन सभी ने पार्टी की उम्मीदों के



मुताबिक नतीजे दिए।

बालाघाट ऐसा संसदीय क्षेत्र बना है, जहां पहली बार कोई महिला सांसद चुनी गई है। वहीं, सागर को 44 साल बाद महिला सांसद मिली है। राज्य में हुए इससे पहले के चुनावों पर गौर करें तो वर्ष 2009 में भी छह महिला सांसद लोकसभा के लिए निर्वाचित हुई थीं। इनमें दो कांग्रेस की और चार बीजेपी की थीं। इसके अलावा वर्ष 2004 के चुनाव में दो और 2014 के चुनाव में पांच महिलाएं जीती थीं। इसी तरह वर्ष 2019 के चुनाव में चार महिला सांसद थीं। वर्ष 2024 के चुनाव में भाजपा ने शहडोल से हिमाद्री सिंह और भिंड से संध्या राय को दोबारा मौका दिया।

वहीं, चार नए महिला चेहरों को मैदान में उतारा। सभी छह सीटों पर परिणाम भाजपा के पक्ष में आए हैं। राज्य से निर्वाचित कई महिलाओं की राष्ट्रीय स्तर पर हनक रही है। इंदौर से लगातार आठ बार निर्वाचित होने वाली सुमित्रा महाजन लोकसभा की अध्यक्ष बनीं।

# खूंटी में ध्वस्त हुआ भाजपा का किला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी** : जनजातियों के लिए सुरक्षित खूंटी संसदीय क्षेत्र में भाजपा का किला ध्वस्त हो गया। भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पद्मभूषण कड़िया मुंडा की इस परपंरागत सीट को बचाने में नाकाम रहे। कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने एकतरफा मुकाबले में अर्जुन मुंडा को लगभग 149675 मतों से कड़ी शिकस्त दी। मतगणना के पहले से लेकर अंतिम 17वे राउंड तक अर्जुन मुंडा एक बार भी कांग्रेस उम्मीदवार पर बढ़त नहीं बना सके। खूंटी संसदीय क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों में कालीचरण मुंडा कों बढ़त मिली। अर्जुन मुंडा को अपने विधानसभा क्षेत्र में भी मतदाताओं ने नकार दिया। अन्य सभी उम्मीदवारों की भूमिका सिर्फ वोटकटवा की रही। चुनाव परिणाम की घोषण होने के बाद निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकश मिश्रा ने कालीचरण मुंडा को जीत का प्रमाणपत्र सौंपा।

पिछले लोकसभा चुनाव में अर्जुन मुंडा कालीचरण मुंडा को 1445 वोटों के अंतर से हराकर सांसद बने थे, लेकिन इस बार कालीचरण मुंडा ने बड़े अंतर से अर्जुन मुंडा को पराजित कर पिछली हार का बदला चुका लिया। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के कालीचरणन मुंडा को 511647 वोट मिले, जबकि भाजपा के अर्जुन मुंडा को 361972 मतों से संतोष करना पड़ा। मतगणना के पहले ही चक्र में कालीचरण मुंडा ने अर्जुन मुंडा से लगभग दस हजार मतों की बढ़त ले ली और मतगणना के हर चक्र के बाद अर्जुन मुंडा पिछड़ते रहे। एक बार भी अर्जुन मुंडा को बढ़त नहीं मिली और अंतिम दौर की गणना के बाद कांग्रेस प्रत्याशी ने भाजपा के अर्जुन मुंडा को लगभग डेढ़ लाख वोटों के अंतर से पराजित कर दिया। दूसरे चक्र की मतगणना के बाद अर्जुन मुंडा 20 हजार के अंतर से पिछड़ गये। इसकी जानकारी मिलते ही कांग्रेस, झामुमो और राजद कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाना शुरू कर दिया। जैसे-जैसे मतगणना का दौर समाप्त होने लगा इंडरी गठबंधनन के समर्थकों की भारी भीड़ मतगणन केंद्र के बाहर जमा होने लगी। कार्यकर्ताओं ने नाच-गाकर और पटाखे फोड़ कर और अबीर गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया। जैसे ही विजयी प्रत्याशी कालीचरण मुंडा मतगणना केंद्र से बाहर निकले, कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया।

# पीएम मोदी ने लांच किया एक पेड़ माँ के नाम कैंपेन

एजेंसी

**नई दिल्ली** : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए बुधवार को खुद प्रधानमंत्री मोदी ने एक कैंपेन शुरू कर दी है। इस कैपेंन को एक पेड़ माँ के नाम दिया गया है। इसकी शुरुआत पीएम मोदी खुद ए एफसीक पौधा लगाकर की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कैपेंन की शुरुआत बुद्ध जयंती पार्क में एक पौधा लगाकर की है। इसका उद्देश्य देश भर में अभियान चलाकर पौधारोपण करवाना है।

पीएम मोदी बुद्ध जयंती पार्क में पौधारोपण कर इस अभियान की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री की योजना है कि इस अभियान के जरिए देश भर में पौधारोपण के प्रति लोगों जागरूक किया जाए ताकि बढ़ रहे ग्लोबल वार्मिंग से निपटा जा सके। जानकारी दे दें कि इस साल देश के कई राज्यों भीषण गर्मी की मार लोगों को झेलनी पड़ी है। इसकी को लेकर एक्सपर्ट्स ने लोगों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की सलाह दी है। विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को विश्वभर में लोगों को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के महत्त्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से



मनाया जाता है। ये 150 से अधिक देशों में मनाया जाता है। पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 1972 को ह्व्न ने शुरू किया था। हर साल ये दिन थीम के हिसाब से मनाया जाता है। इस साल की थीम ÷भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता रखी गई है और इस बार सऊदी अरब को मेजबान देश बनाया गया।

# लोस चुनाव रिजल्ट ने बदल दिए समीकरण

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद से ही राजनीतिक हलचलें तेज हो गई हैं। बीजेपी इस बार स्पष्ट बहुमत नहीं ला सकी है। इस कारण एक बार फिर गठबंधन वाली सरकार देश पर सत्तासीन होगी। इस चुनाव में एक बार फिर रीजनल पार्टियों ने अपना दमखम दिखाया है। यही कारण है कि अब सरकार बनाने में क्षेत्रीय दलों की भूमिका अहम हो गई है। जेडीयू, टीडीपी, रालोद, लोजपा (रामविलास) जैसी क्षेत्रीय पार्टियां किंगमेकर की भूमिका में आ गई हैं। वहीं रसातल में जा रही कांग्रेस को नया जीवनदान मिला है। उधर, भाजपा के ताकतवर मुद्दे भी असरदार नहीं हो पाए। पढ़िए क्या रहे समीकरण?

**रीजनल पार्टियों की भूमिका बढ़ी:** चुनाव परिणामों से क्षेत्रीय दलों के देश की राजनीति में फिर प्रभावी होने के संकेत मिल रहे हैं। इन चुनावों में कम से कम पांच राज्यों में क्षेत्रीय दल मजबूत हुए हैं। हिंदी पट्टी के राज्यों में भी भाजपा को धक्का लगा है। इन राज्यों की 225 सीटों में से भाजपा को 2019 में 176 सीटें मिली थीं, लेकिन इस बार उसे सिर्फ 127 सीटें मिलती दिख रही हैं।

**चुनाव परिणामों ने कांग्रेस में जगाई नई आशा:** कभी बीजेपी कहा कांग्रेस मुक्त भारत की दुहाई दिया करती थी। लेकिन भाजपा का कांग्रेस मुक्त भारत का लक्ष्य अब दूर की कौड़ी लगता है क्योंकि पिछली बार की 54 सीटों के मुकाबले पार्टी को इस बार 100 के आसपास सीटें मिलती दिख रही हैं। साथ ही ऐसा लगता है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा एवं भारत जोड़ो न्याय यात्रा का कांग्रेस के चुनावी परिणाम पर सकारात्मक असर पड़ा है।

**बीजेपी का वोट प्रतिशत हुआ प्रभावित:** बीजेपी इस बार अकेले दम पर बहुमत साबित नहीं कर पाई है। फिर भी भाजपा भले ही 2019 में मिलीं 303 सीटों के मुकाबले 240 सीटों के आसपास सिमट गई हो, लेकिन उसे मिले मत प्रतिशत में मामूली गिरावट ही आई है। 2019 में पार्टी को 37.36 प्रतिशत मत मिले थे, जबकि इस बार उसे 36.98 प्रतिशत के आसपास मत मिलते दिख रहे हैं।

**मुस्लिमों बहुल सीटों पर बीजेपी को हुआ घाटा:** लोकसभा चुनाव 2024 जो परिणाम आए, उन नतीजों से स्पष्ट है कि कई मुस्लिम बहुल सीटें भाजपा के हाथ से निकल गई हैं। 2019 के चुनावों में पार्टी ने मुस्लिम बहुल 103 सीटों में से 45 सीटें जीती थीं, लेकिन इस बार पार्टी सिर्फ 35 सीटें जीतती दिख रही है। हालांकि ये सीटें कांग्रेस के खाते में भी नहीं गई हैं, क्योंकि पिछली बार पार्टी को ऐसी 11 सीटें मिली थीं।

# इन पांच राज्यों ने दी मोदी को टेंशन! 59 सीटों का उठाना पड़ा नुकसान, देखिए चौंका देने वाले आंकड़े

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी बहुमत के आंकड़े को नहीं छू पाई। लगातार 10 साल तक पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने वाली भाजपा को पांच राज्यों में बड़ा झटका लगा है। इन पांच राज्यों में भाजपा ने 59 लोकसभा सीटें गंवाई हैं। अगर भाजपा अपना पिछला प्रदर्शन बरकरार रखती तो बहुमत के आंकड़े के पार होती है। आइए एक नजर डालते हैं उन राज्यों पर जहां भाजपा को लगा सबसे बड़ा झटका।

**यूपी में घटीं भाजपा की 29 सीटें:** 2014 और 2019 में भाजपा की प्रचंड जीत में उत्तर प्रदेश की सबसे अहम भूमिका रही। 2019 में भाजपा ने 80 में से 62 सीटों पर जीत दर्ज की थी। मगर इस बार पार्टी सिर्फ 33 सीटों पर ही जीत दर्ज कर सकी। पार्टी को यहां 29 सीटों का नुकसान हुआ है। सपा को 32 और कांग्रेस को पांच सीटों का फायदा हुआ है।



**14 सीटों का लगा झटका:** उत्तर प्रदेश के बाद भाजपा को सबसे बड़ा झटका महाराष्ट्र में लगा है। यहां भाजपा गठबंधन भी कुछ खास कमाल नहीं कर पाया है। 2019 में भाजपा ने 23 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस बार भाजपा सिर्फ नौ सीटों पर ही जीती है। पार्टी को कुल 14 सीटों का नुकसान हुआ है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और एनसीपी (शरद पवार) को पांच-पांच सीटों का फायदा हुआ। कांग्रेस 13 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

**तमिलनाडु: कांग्रेस को एक सीट का फायदा:** तमिलनाडु से भाजपा को इस बार बड़ी उम्मीदें थीं। मगर यहां पार्टी का खाता तक नहीं खुला। हालांकि वोट शेयर 3.7 से बढ़कर 11.24त्न हो गया है। डीएमके ने 2019 में 23 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस बार एक सीट का नुकसान हुआ है। कांग्रेस को एक सीट का फायदा हुआ है।

**राजस्थान में 24 से 14 पर सिमटी भाजपा:** पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राजस्थान की 25 में से 24 लोकसभा सीटों पर कब्जा किया था। इस बार पार्टी को 10 सीटों का नुकासान हुआ है। कांग्रेस को आठ सीटों का फायदा मिला है। नागौर लोकसभा सीट से राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल ने जीत दर्ज की है। एक सीट पर भारत आदिवासी पार्टी और एक सीट पर सीपीआई (एम) को सफलता मिली है।

**पश्चिम बंगाल: टीएमसी को सात सीटों का फायदा:** पश्चिम बंगाल में भाजपा अपना पिछला प्रदर्शन दोहरा नहीं पाई। 2019 में सबसे अधिक 18 सीटों पर कब्जा किया था। मगर इस बार ममता बनर्जी की टीएमसी ने पांसा पलट दिया। भाजपा को यहां छह सीटों का नुकसान उठाना पड़ा। वहीं टीएमसी को सात सीटों का फायदा हुआ। कांग्रेस को एक सीट बहरामपुर का नुकसान हुआ है। यहां से अधीर रंजन चौधरी चुनाव हार गए हैं।

# देश की तीसरी बड़ी पार्टी बनी सपा, किया शानदार प्रदर्शन

एजेंसी

**लखनऊ** : सपा ने लोकसभा आम चुनाव में अब तक के अपने इतिहास में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। उसने कुल 37 सीटें जीतीं। इस तरह सपा देश की तीसरी बड़ी पार्टी के रूप में उभर कर सामने आई है। धार्मिक मुद्दों के बजाय जातीय गोलबंदी और यादवों-मुस्लिमों पर कम दांव की रणनीति से सपा को यह सफलता मिली। सपा ने पिछला लोकसभा चुनाव बसपा के साथ लड़ा था। तब उसे महज पांच सीटें मिली थीं। राजनीतिक लिहाज से महत्वपूर्ण यूपी में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विपक्ष के अभियान का नेतृत्व किया। सपा ने गठबंधन के तहत 62 सीटों पर चुनाव लड़ा। 17 सीटें कांग्रेस और एक सीट तृणमूल कांग्रेस को दी। सीट शेयरिंग की यह रणनीति काफी कारगर साबित हुई। कांग्रेस के साथ साझेदारी करने के चलते सपा मतदाताओं को यह मनोवैज्ञानिक संदेश देने में सफल रही कि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा का विकल्प मौजूद है। 2019 के चुनाव



में पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह ही सपा से अलग थे, लेकिन इस बार परिवार की एकजुटता से भी अच्छा संदेश गया। सपा ने प्रत्याशी तय करने में पीडीए फार्मूले का भी पूरा ध्यान रखा। अपना आधार वोट माने जाने वाले यादवों और मुस्लिमों से ज्यादा कुर्मी बिरादरी के प्रत्याशी उतारे।ब्राह्मण व ठाकुर समेत सामान्य जाति के प्रत्याशियों को भी प्रतिनिधित्व दिया। अखिलेश का यह दांव बिल्कुल सही बैठा और पार्टी को अप्रत्यशित सफलता मिली। अखिलेश यादव ने स्वामी प्रसाद मौर्य के विवादित बयानों से खुद को और अपनी पार्टी को दूर रखा। बहुत ही सधे अंदाज में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर सीधे कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इतना ही नहीं इटावा में विशाल मंदिर का निर्माण प्रारंभ कराया। इससे भाजपा को धार्मिक मुद्दों पर उन्हें घेरने का मौका नहीं मिला। साथ ही जातीय गोलबंदी के लिए संविधान और आरक्षण के मुद्दे को प्रमुखता दी। पेपर लीक और अग्निवीर के सहारे बेरोजगारी की समस्या से बड़ी चोट की। इस रणनीति ने उन्हें सफलता के शिखर पर पहुंचाया।

### मुलायम के गढ़ में पूरी रफ्तार से दौड़ी साइकिल

सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के गढ़ में साइकिल पूरी गति से दौड़ी। यादवलैंड की छह सीटों में मैनपुरी का रुतबा बरकरार रहा, जबकि सपा ने भाजपा से चार सीटें छीन लीं। सभी सीटों पर वोटबैंक बढ़ाने में भी कामयाब रही, जबकि फर्रुखाबाद में भाजपा तीसरी बार जीत दर्ज कर हैट्रिक लगाने में कामयाब रही।

मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद यह पहला लोकसभा चुनाव था। ऐसे में भाजपा ने इस क्षेत्र पर कब्जा जमाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी यहां जनसभा की और श्रीकृष्ण जन्मभूमि का मुद्दा उठाया। इस क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी जनसभाएं कीं, लेकिन सपा ने टिकट बंटवारे में सोशल इंजीनियरिंग पर फोकस किया। हमेशा भाजपा का साथ देने वाले शाक्य और दोहरे बिरादरी के मतदाताओं को भी पार्टी से जोड़ा। यह कारगर साबित हुआ।